


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 130 | सोमवार, 22 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2026' के लिए आधिकारिक तौर पर नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार देश का सर्वोच्च बाल सम्मान माना जाता ह है, जिसे खुद भारत के राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में एक विशेष समारोह के दौरान प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 5 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के वे बच्चे पात्र हैं जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, कला एवं संस्कृति, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कोई राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि हासिल की हो।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे का चीन में प्रवेश

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा–2026 पर गए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शनिवार को नाथू ला दर्रे से होते हुए चीन में प्रवेश कर गया, जिससे उनकी आगे की यात्रा का शुभारंभ हुआ। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने पर्यटन मंत्री शेरिंग थेनडुप भूटिया की उपस्थिति में जत्थे को झंडी दिखाई। इस जत्थे में दो संपर्क अधिकारियों और एक चिकित्सा अधिकारी सहित 41 तीर्थयात्री और चार सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जिससे इस दल की कुल संख्या 47 हो गई।

### क्रिप्टो करेंसी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर–20 पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों को झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 11 लाख 49 हजार 500 रुपए नकद, एक चेकबुक, डेबिट कार्ड और आधार कार्ड बरामद किया है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 19 जून को थाना सेक्टर–20 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्रवाई करते हुए कैम्ब्रिज स्कूल सेक्टर–27 के पास सर्विस रोड से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया।

### झटकों से नहीं उभर पा रही टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता और शिउली ग्राम पंचायत के प्रधान अरुण कुमार घोष तथा सात अन्य सदस्यों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इससे उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर क्षेत्र स्थित इस ग्राम पंचायत में पार्टी की ताकत कम हो गई है। सभी सदस्य बैरकपुर ब्लॉक–2 के बीडीओ कार्यालय पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंप दिया।

# योग से जुड़ेगा विश्व, स्वस्थ रहेगा भविष्यः मोदी

## कोलकाता के रेड रोड से प्रधानमंत्री ने दिया वैश्विक एकता और स्वस्थ जीवन का संदेश

- » कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व किया
- » योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम के तहत स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली पर दिया विशेष जोर
- » कहा- योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने और संतुलित जीवन जीने की कला है



**कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड से देश और दुनिया को स्वस्थ जीवन तथा वैश्विक एकता का संदेश दिया। हजारों लोगों के साथ सामूहिक योगाभ्यास करते हुए उन्होंने कहा कि योग आज विश्व का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो देशों, संस्कृतियों और समाजों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और आत्मिक विकास का भी मार्ग है।

प्रधानमंत्री के साथ रेड रोड पर करीब 35 हजार लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए योग प्रेमियों और नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग दिवस की प्रेरणादायक तस्वीरें सामने आ रही हैं। हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक और एशिया से लेकर यूरोप तथा अमेरिका तक करोड़ों लोग योग के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यही योग की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि योग किसी एक देश, धर्म या आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। यह मानवता की साझा धरोहर है, जो सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देती है। योग जब व्यक्ति के स्वभाव का हिस्सा बन जाता है, तब वह मानवीय एकता और सामूहिक कल्याण का आधार बनता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन और अभ्यास किए। उन्होंने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन सहित कई आसनों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा चालन क्रिया, स्कंध चक्र, कटिचालन और घुटनाचालन जैसे अभ्यास भी किए गए। योग सत्र के दौरान प्रधानमंत्री केवल मंच तक सीमित नहीं रहे, बल्कि प्रतिभागियों के बीच जाकर उन्हें सही योग मुद्राओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कई लोगों की योग मुद्राओं में सुधार कराया और योगाभ्यास के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया। यह दृश्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में लोग शारीरिक और मानसिक असंतुलन की समस्या से जूझ रहे हैं। तनाव, अनियमित दिनचर्या और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं लोगों के सामने बड़ी चुनौती बन चुकी हैं।

### स्वस्थ वृद्धावस्था का मंत्र बना योग

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' यानी 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती उम्र किसी व्यक्ति की क्षमता को सीमित नहीं करनी चाहिए। योग के माध्यम से व्यक्ति जीवन के प्रत्येक चरण में सक्रिय, ऊर्जावान और स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए कि 40 वर्ष की आयु में हम 20 वर्ष की आयु से अधिक लचीले हों, 50 वर्ष की आयु में 30 वर्ष के व्यक्ति से अधिक ऊर्जावान हों और 70 वर्ष की आयु में भी 50 वर्ष जैसी सक्रियता और स्वास्थ्य बनाए रखें। उन्होंने कहा कि योग हमें उम्र के प्रभाव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएंः योगी



- >> अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नागरिकों के साथ 45 मिनट किया योगाभ्यास, योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर दिया जोर
- >> हजारों नागरिकों, महिलाओं और बच्चों के साथ 45 मिनट तक योग में रहे शामिल

**झांसी**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी दुर्ग की ऐतिहासिक तलहटी से प्रदेशवासियों को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। हल्के बादलों और सुहावने मौसम के बीच आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हजारों नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और जनप्रतिनिधियों के साथ लगभग 45 मिनट तक योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग की परंपरा भगवान शिव से प्रारंभ होकर ऋषि-मुनियों के माध्यम से पूरे विश्व तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्व के 200 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर व्यक्ति को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्योग फॉर हेल्दी एजिंगह्न रखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ स्वस्थ और सक्रिय बने रहने के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के माध्यम से ही जीवन के चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति संभव है।

## आजम खान की बढ़ीं मुश्किलें, जौहर ट्रस्ट को आयकर विभाग का नोटिस

### आयकर विभाग ने धारा 12 एबी, 12 एए का जारी किया नोटिस



फोटो: जौहर यूनिर्वसिटी।

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** सपा के कद्दावर नेता राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। इस बार आजम, उनके परिवार की तरफ से संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर को आयकर विभाग धारा 12एबी,12एए का नोटिस भेजा गया है। आयकर विभाग की ओर से 17 जून को दिए गए लंबे नोटिस में ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ियों, कर चोरी और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की बात कही गई है। नोटिस में 23 जून को सुबह 11:30 बजे सुनवाई तय की गई है। हिदायत दी गई है कि आजम खान खुद या किसी अधिकृत प्रतिनिधि के जरिए मौजूद रहकर तथ्यामक दस्तावेज या जानकारी देनी होगी। भाजपा विधायक ने 16 मार्च 2021 को केंद्रीय गृहमंत्री के माध्यम से केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से जौहर ट्रस्ट की शिकायत की थी।उन्होंने आरोप लगाया था कि सपा नेता ने लोगों को डरा धमकाकर अकूत संपत्ति हासिल की और उससे जौहर यूनिवर्सिटी बनाई। जौहर यूनिवर्सिटी दान करने वाले कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने 60 करोड़ रुपये तक का दान दिया, जबकि वे लोग आयकर नहीं भरते। उनका आरोप है कि तीन हजार करोड़ रुपये इस यूनिवर्सिटी में लगाए गए हैं। सितंबर 2023 को आयकर विभाग की टीमों ने रामपुर आकर जांच की थी। इसके अतिरिक्त जौहर यूनिवर्सिटी के मामले में ईडी भी आजम खान से पूछताछ भी कर चुकी है। भाजपा विधायक ने जौहर ट्रस्ट द्वारा गड़बड़ियों की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय और शासन से की थी। शासन ने इसकी जांच के लिए एसआईटी गठित की थी।

## मानसून की जोरदार दस्तक, 23 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली**

देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित 23 राज्यों में भारी बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ वर्षा का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार कई क्षेत्रों में 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। कई राज्यों में बिजली गिरने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इन राज्यों में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा दर्ज की जा सकती है।

## मंदिर की छत गिरने से सात की मौत, कई मलबे में दबे

**परभणी**

महाराष्ट्र के परभणी जिले के मानवत तहसील स्थित प्रसिद्ध यशवाड़ी मारुति मंदिर परिसर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 30 से 40 लोग मलबे में फंस गए। इनमें से कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए और युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।



### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख

प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के परभणी में हुई घटना पर दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा, इस हादसे में लोगों की मौत बेहद दुखद है। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द स्वस्थ हों। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। हादसे में घायल हुए लोगों का उपचार जारी है।

## नीट के दबाव ने ली दो और जिंदगियां, री-एग्जाम से पहले छात्रों की आत्महत्या

**नई दिल्ली**

नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से ठीक पहले तेलंगाना और तमिलनाडु से दो छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया। दोनों मामलों में प्रारंभिक जांच के दौरान परीक्षा के दबाव और असफलता के भय को प्रमुख कारण माना जा रहा है। इन घटनाओं ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षाओं के बढ़ते तनाव और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 19 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। वहीं तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर में 20 वर्षीय छात्र ने भी कथित रूप से परीक्षा के दबाव में अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। दोनों घटनाएं उस समय सामने आईं जब देशभर में लाखों छात्र नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। तमिलनाडु के होसुर में मिले सुसाइड नोट में छात्र ने परीक्षा को लेकर गहरी चिंता और मानसिक तनाव का उल्लेख किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार छात्र ने लिखा कि पिछले एक महीने से वह नींद नहीं ले पा रहा था और उसे बार-बार परीक्षा में असफल होने का डर सता रहा था। सुसाइड नोट में उसने अपने परिवार और परिचितों से क्षमा मांगते हुए लिखा कि उसकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सफलता का दबाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विशेष रूप से मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी प्रवेश परीक्षाओं में असफलता का भय कई छात्रों को अवसाद और तनाव की ओर धकेल देता है।

### तीन वर्षों से कर रहा था तैयारी

पुलिस जांच में सामने आया कि तमिलनाडु का छात्र पिछले तीन वर्षों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पूर्व प्रयासों में सफलता न मिलने के कारण वह लगातार मानसिक दबाव महसूस कर रहा था। पुनर्परीक्षा को लेकर भी वह काफी चिंतित था और इस बार भी असफल होने की आशंका उसे परेशान कर रही थी। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार छात्र पढ़ाई में मेहनती था, लेकिन परीक्षा को लेकर अत्यधिक तनाव में रहने लगा था।

## तेलंगाना में अटका मानसून, 23 जून तक इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना

### बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 14 की मौत

**नई दिल्ली**



तेलंगाना में 12 दिनों से अटका मानसून अब आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जून तक इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गया है। इससे मध्य भारत में चक्रवातीय घेरा बना हुआ है, जिससे मानसून के बादल उत्तर भारत की तरफ आ सकते हैं। मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है।

बिहार में शुक्रवार को बिजली गिरने से 6 लोगों की और झारखंड में 8 लोगों की जान गई। राजस्थान के 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 21 से 23 जून के बीच आंधी-तूफान और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, महाराष्ट्र के विदर्भ में 23 जून तक ऐसा ही मौसम रहने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ में भी 23 जून तक आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने की आशंका है। मौसम का यह बदलाव सिर्फ मध्य भारत तक सीमित नहीं। तमिलनाडु और पुडुचेरी में 21 जून तक कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है, जबकि केरल में भी 19 से 23 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, बंगाल के कोलकाता, सिलिगुड़ी और दार्जिलिंग जिलों में शनिवार को भी भारी बारिश हुई। दार्जिलिंग में बालासन नदी उफान पर आ गई। इससे नदी पर ह्यूम पाइप से बना पुल टूट कर बह गया।

### ईरान ने रोकी समुद्री आवाजाही, अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर संकट

# लेबनान पर इजरायली हमला, होर्मुज फिर बंद

**तेलअवीव/तेहरान**

मध्य-पूर्व में शांति की उम्मीदों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई और कथित युद्धविराम उल्लंघन के बाद ईरान ने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही दोबारा रोकने की घोषणा की है। ईरान का कहना है कि अमेरिका और इजरायल ने हालिया शांति समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया, जिसके चलते यह कदम उठाया गया है। इस घटनाक्रम ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा बाजार और अमेरिका-ईरान संबंधों पर भी नए सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने सरकारी प्रसारण माध्यमों के जरिए घोषणा करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना समझौते के उल्लंघन के जवाब में उठाया गया पहला कदम है। ईरान का आरोप है कि अमेरिका समझौता ज्ञापन की शर्तों का पालन कराने में विफल रहा, जबकि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान से सेना नहीं हटाई और युद्धविराम का लगातार उल्लंघन किया। तेहरान ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं बदली तो आगे और कड़े कदम उठाए जा सकते हैं।

### सीजफायर के कुछ घंटे बाद फिर भड़की हिंसा

हालांकि संघर्ष विराम अधिक समय तक टिक नहीं सका। सीजफायर लागू होने के कुछ ही घंटों बाद दक्षिणी लेबनान में इजरायली ड्रोन और तोपखाने से हमले किए गए। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इन हमलों में कई लोगों की मौत हुई, जिनमें बच्चों के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई है। इन घटनाओं के बाद ईरान ने होर्मुज पर दोबारा प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।



### नेतन्याहू का स्पष्ट संदेश

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि देश अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गाजा और लेबनान में इजरायल के सैन्य अभियान तब तक जारी रहेंगे, जब तक सुरक्षा संबंधी खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाते।

## प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

- » दो घंटे तक ड्रामेबाजी के बाद नीचे उतरने को राजी हुआ युवक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**





**भोट।** रविवार सुबह करीब नौ बजे केमरी थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी प्रदीप पुत्र मदनलाल थाना क्षेत्र के सनकरा गांव स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और प्रेमिका से शादी न होने पर टावर से कूद कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। युवक को टावर पर चढता देख मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ लग गयी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी व जानकारी हासिल की तो जानकारी मिली की युवक रूद्रपुर में एक फैक्ट्री में काम करता था। वहीं पर भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने परिजनों के साथ रहकर काम करती थी। इस दौरान युवक व किशोरी में प्रेम प्रसंग हो गया जो कि पिछले तीन सालों से चल रहा था। रविवार को युवक प्रेमिका के गांव पहुंच गया और प्रेमिका से शादी करने की जिद करने लगा। युवक के दूसरी जाति के होने व लड़की की उम्र कम होने पर परिजनों द्वारा विवाह करने से इंकार करने पर युवक नाराज हो गया और सुबह करीब नौ बजे सनकरा गांव स्थित टावर पर चढ़ कर प्रेमिका से शादी करवाने की जिद करने लगा।सूचना पर उसके तथा प्रेमिका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। प्रेमिका के परिजनों ने युवक से बात की तथा प्रेमिका से भी युवक की फोन पर वार्ता करवायी। इस दौरान आरोपी प्रेमिका से शादी करने की जिद करता रहा। जिसके बाद थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव ने टावर पर चढ़े युवक से फोन पर वार्ता की तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक नीचे उतरने पर राजी हो गया। जिसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।इस दौरान करीब दो घंटे तक मौके पर अफरा-तफरा मची रही और ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गयी। पुलिस को ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित करने को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### पुलिस ने की आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोट।** थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि बीएनएस की धारा 226 इसी तरह के अपराध करने वालों के लिए बनायी गयी है ।जिसके तहत जब कोई व्यक्ति किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को उसके आधिकारिक कर्तव्य का पालन करने से रोकने या उसे किसी विशेष तरीके से कार्य करने के लिए बाध्य करने के इरादे से आत्महत्या का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है ।जिसमें सजा के साथ ही जुमार्ना या फिर सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान है ।इसलिए आरोपी युवक द्वारा किशोरी से शादी का दबाव बनाने व मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास करने के आरोप में धारा 221/226/285 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी है। जिससे भविष्य में टावर पर चढ़ने या फिर अपने निजी कार्य के लिए प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाने वालों को सबक मिल सके।

# बरेली पुलिस लाइन में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी अजय साहनी ने किया योग, एसएसपी अनुराग आर्य ने दिए प्रशस्ति-पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय






- योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर हुआ भव्य आयोजन: योगाचार्य महेंद्रपाल कश्यप ने कराया योगाभ्यास, पुलिस अफसरों ने लिया रोज योग का संकल्प

**बरेली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार 21 जून 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन बरेली के परेड ग्राउंड में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "योग फॉर हेल्दी एजिंग- स्वस्थ आयु के लिए योग" रही। बरेली पुलिस के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अफसरों और जवानों ने हिस्सा लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा और विशिष्ट अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने किया। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। योग सेवा ट्रस्ट बरेली के योगाचार्य महेंद्रपाल कश्यप और उनकी टीम ने सभी को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने वाली क्रियाओं का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग से तनाव कम होता है, शारीरिक क्षमता बढ़ती है और मानसिक एकाग्रता आती है। सभी प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग सत्र के बाद ADG रमित शर्मा, DIG अजय कुमार साहनी और SSP अनुराग आर्य ने योगाचार्य महेंद्रपाल कश्यप समेत सभी योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने योग के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में ADG रमित शर्मा, DIG अजय साहनी और SSP अनुराग आर्य ने कहा कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने की समग्र पद्धति है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर SSP अनुराग आर्य ने ADG रमित शर्मा और DIG अजय साहनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। इस दौरान SP सिटी मानुष पारीक, SP साउथ अंशिका वर्मा, SP नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र, SP ट्रैफिक मो. अकमल खान, सभी क्षेत्राधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में सफल रहा।

## सार संक्षेप

### नौकरी के नाम पर छात्र से छह लाख की ठगी

**बरेली।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक शिक्षक द्वारा अपने ही छात्र से छह लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर किला थाना पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किला क्षेत्र के कटघर निवासी अमित कुमार गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वर्ष 2020-21 में एडीएम कंपाउंड के सामने स्थित चंद्रा कोचिंग सेंटर में टीईटी की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान कोचिंग में गणित पढ़ाने वाले शिक्षक सतेन्द्र सिंह से उसकी नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि शिक्षक ने विभिन्न सरकारी विभागों में अच्छी पकड़ होने का दावा करते हुए सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। पीड़ित के अनुसार नौकरी दिलाने के बदले आरोपी शिक्षक ने उससे छह लाख रुपये मांगे। नौकरी की उम्मीद में अमित ने गोल्ड लोन लेकर अलग-अलग किस्तों में कुल छह लाख रुपये आरोपी को दे दिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो उसने शिक्षक से संपर्क किया, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो शिक्षक का रवैया बदल गया। आरोपी ने न सिर्फ पैसे लौटाने से इनकार किया, बल्कि बार-बार दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामला एसएसपी तक पहुंचने के बाद किला थाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए गए। पुलिस ने आरोपी शिक्षक सतेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### करो योग, रहो निरोग: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बहेड़ी में हुआ भव्य आयोजन



**बहेड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के रामलीला मैदान एवं केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड परिसर में योग कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रामलीला मैदान में आयोजित योग शिविर में योग शिक्षक सम्राट सिंह ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है। इस दौरान कक्षा एक की छात्रा वेदांशी सक्सेना ने अपनी उत्कृष्ट योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों की खूब सराहना प्राप्त की। वहीं केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड के मंदिर प्रांगण में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार सिंह ने कर्मचारियों एवं उपस्थित जनसमूह को योगाभ्यास कराया तथा योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने उनके निर्देशन में विभिन्न योगासन किए तथा भविष्य में नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी इशिता किशोर, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सचिन प्रजापति, अरुण गंगवार, देवदत्त प्रजापति, मुक्ता प्रसाद गंगवार, ओम प्रकाश पिपलानी, सुनील रस्तोगी, महेश शर्मा, आनंद गौतम, चिंतामणि राठौर, हीरा सिंह तोमर, अवधेश सक्सेना, रूप किशोर, शिवेंद्र कुमार, वेदांशी सक्सेना, नीलेश सक्सेना, नईम अहमद, मुजस्सिम खान, तौकीर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा— "करो योग, रहो निरोग", जिसके माध्यम से लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बहेड़ी पुलिस से मुठभेड़ में कुंडल लूट कांड का खुलासा

## चार बदमाश गिरफ्तार, दो गोली लगने से घायल; लूट के जेवर, अवैध हथियार और दो बाइक बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र में महिलाओं से कुंडल लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। 18 जून को चुरेली नहर की पुलिया के पास हुई लूट की घटना में शामिल चार बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, 18 जून को चन्द्रपाल निवासी कनमन, थाना देवरनियां ने सूचना दी थी कि वह मुडिया नवी बक्श से दावत खाकर पत्नी व सलहज के साथ बाइक से लौट रहे थे। चुरेली नहर पुलिया पर दो बाइकों से आए बदमाशों ने महिलाओं से कुंडल छीन लिए और फरार हो गए। मामले में एफआईआर दर्ज कर सर्विलांस, एसओजी और थाना बहेड़ी की संयुक्त टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में छह बदमाशों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद धाराओं में वृद्धि की गई।

20/21 जून की रात पचपेड़ा चौराहे पर चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही वे मुडिया नवी बक्श की ओर भागे। पीछा करने पर ग्राम लभेदी की ओर मुड़ते समय तेज रफ्तार के कारण दोनों बाइक गिर गईं। चार बदमाश खेतों की ओर भागे और पुलिस पर फायरिंग की। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास उर्फ बनवारी लाल, सौरभ, ललित और सचिन (सभी निवासी ग्राम पडरी, थाना नवाबगंज) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से घटना से संबंधित पीली धातु की एक जोड़ी कानों की टाप्स, तीन अवैध तमंचे (315 व 12 बोर), कारतूस व खोखे तथा घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की गई हैं। मुठभेड़ व आर्म्स एक्ट में अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है।

फरार दो अभियुक्तों की तलाश जारी है और गिरफ्तारों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई बहेड़ी पुलिस की तत्परता का उदाहरण मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं।

# नगर निगम के आरआई सचिदानंद पर लटकी निलंबन की तलवार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** नगर निगम के राजस्व निरीक्षक (आरआई) सचिदानंद के मामले में अब निलंबन की तलवार लटक गई है। महापौर की ओर से मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और नगर आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में स्थानांतरण नीति के नियमों को ताक पर रखकर सात वर्षों से एक ही स्थान पर तैनाती और महिला से कथित दुर्व्यवहार का उल्लेख किया गया है।

**महापौर ने मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री को लिखा पत्र, रिश्वत व दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप**

शुक्रवार को पूर्व उपसभापति अतुल कपूर के नेतृत्व में आक्रोशित पार्षदों ने महापौर कार्यालय पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद महापौर उमेश गौतम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और नगर आयुक्त संजीव मौर्य को पत्र भेजकर आरआई सचिदानंद को निलंबित करने की मांग की।

इस पूरे विवाद की जड़ शहदाना कॉलोनी निवासी सीमा रानी की शिकायत है। महिला का आरोप है कि 61,143 रुपये के हाउस टैक्स को रफा-दफा करने के बदले आरआई ने करीब डेढ़ साल पहले 20 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। इसके बावजूद न तो कर में राहत मिली और अब अतिरिक्त 20 हजार रुपये की मांग करते हुए कुर्की की धमकी दी जा रही है।

आरोप है कि 16 जून को कार्यालय पहुंचने पर महिला से धक्का-मुक्की की गई। वहीं 17 जून को पूर्व उपसभापति अतुल कपूर के साथ शिकायत करने जाने पर आरआई ने कथित तौर पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला देते हुए भ्रष्टाचार और अभद्रता की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**बरेली।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी मुनव्वर हसन को 20 साल की कैद हुई है। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने उसे 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई। बरेली में घर में घुसकर आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी मुनव्वर हसन को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने 20 साल की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। इज्जतनगर थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 फरवरी 2025 को वह और उसके पति काम पर गए थे। घर पर उसकी पांच और आठ साल की दो बेटियां थीं। मौका पाकर मुनव्वर उसके घर में घुस आया। उसकी आठ साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वह घर पहुंचीं तो आरोपी भाग गया। इसके बाद बेटी ने पूरी बात बताई।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।







# फरीदपुर में सगे भाई की हत्या से हड़कंप

## शराब के नशे में झगड़े के बाद ईंट से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



- मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस

**बरेली।** जनपद के थाना फरीदपुर क्षेत्र के फर्रखपुर मोहल्ले में शराब के नशे में हुए झगड़े के बाद सगे भाई द्वारा ईंट से कुचलकर की गई हत्या का मामला सामने आया है। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फर्रखपुर मोहल्ला निवासी शारीफ (35) का शव शुक्रवार सुबह उसके घर के दरवाजे पर पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोटों के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। शनिवार को मृतक की मां नसरीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह पिछले करीब 15 वर्षों से अपने पति से अलग रह रही हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपने छह बच्चों का पालन-पोषण किया है। गुरुवार रात वह शांति नगर कॉलोनी स्थित अपने दूसरे मकान पर थीं। उसी दौरान फर्रखपुर वाले घर में शारीफ और उसका छोटा भाई विक्की मौजूद था। आरोप है कि शराब के नशे में दोनों भाइयों के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें विक्की ने ईंट से शारीफ के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह शव को घर के दरवाजे पर छोड़कर फरार हो गया। थाना फरीदपुर के इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इज्जतनगर में गर्भवती की मौत से सनसनी

## दहेज हत्या का आरोप, पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में चार माह की गर्भवती महिला का शव उसकी ससुराल में फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए पति और ससुराल पक्ष के तीन अन्य सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मीरगंज निवासी बाबूराम ने इज्जतनगर थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम को दी तहरीर में बताया कि उनकी 21 वर्षीय बेटी सुमन की शादी 22 नवंबर 2025 को निजी नौकरी करने वाले सतेंद्र हंस से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में एक कार और दस लाख रुपये की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर सुमन को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की जाती और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है पीड़ित पिता के अनुसार शनिवार को उनकी चार माह की गर्भवती बेटी को पंखे से लटकाकर मार दिया गया। घटना से एक दिन पहले पति की मां, बड़ी बहन और छोटी बहन भी घर पर मौजूद थीं। बाबूराम ने पति समेत सभी पर हत्या का आरोप लगाया है।

सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवम आशुतोष सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। एएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में मौत हैंगिंग से प्रतीत हो रही है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दिक्कत** छात्रा को अस्पताल में कराया गया भर्ती

# नीट री-एग्जाम के दौरान छात्रा हुई बेहोश, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में बरेली कॉलेज में आयोजित नीट री-एग्जाम के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परीक्षा दे रही एक छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परीक्षा चल रही थी कि छात्रा अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। केंद्र पर मौजूद स्टाफ और अन्य अभ्यर्थियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और स्वास्थ्य टीम को दी।

जानकारी के अनुसार छात्रा तन्वी, बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुंशी नगर की रहने वाली है। वह बरेली कॉलेज में नीट री-एग्जाम देने पहुंची थी। परीक्षा के दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और वह बेहोश हो गई, जिससे कुछ देर के लिए परीक्षा केंद्र पर हलचल का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना देरी किए छात्रा को इलाज के लिए एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल जांच शुरू कर उपचार दिया। प्रारंभिक जांच के बाद छात्रा की हालत सामान्य बताई जा रही है।.अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रेहान ने बताया कि छात्रा परीक्षा के दौरान अचानक बेहोश हो गई थी। जांच में सामने आया है कि उसे एंजायटी (घबराहट) की समस्या हुई, हालांकि इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार है और वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगी। घटना की सूचना मिलने पर छात्रा के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उसकी देखभाल की जा रही है।

गौरतलब है कि नीट जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान कई छात्र-छात्राएं मानसिक दबाव और चिंता का सामना करते हैं। ऐसे में विशेषज्ञ परीक्षा से पहले और दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने, पर्याप्त आराम करने और तनाव को नियंत्रित रखने की सलाह देते हैं।

### बरेली में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने किया योगाभ्यास

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि योग सेहत को अच्छा और बेहतर करने के लिए एक बेहतरीन माध्यम है और यह परंपरा सदियों पुरानी है। मौलाना ने योग दिवस पर योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया।

बरेली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने योगाभ्यास किया। मौलाना ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग का किसी भी धर्म से कोई संबंध नहीं है और यह सेहत के लिए एक बेहतरीन माध्यम है। मौलाना रजवी ने ग्रैंड मुफ्ती हाउस में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने जोर देकर कहा कि योग की परंपरा सदियों पुरानी है। सूफी अपनी दरगाहों पर मुरीद करने से पहले रूहानी तरीकों से योग कराते थे। इसमें हाथ-पैर की वर्जिश के साथ दिल और दिमाग की सफाई भी शामिल थी। उन्होंने कुछ लोगों द्वारा योग को धर्म से जोड़ने की आलोचना की।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर



### संगठन सचिव से प्रदेश अध्यक्ष बने संतोष नारायण

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन के संगठन सचिव पद पर उत्कृष्ट कार्य, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय भूमिका को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वसीम रज़ा अंसारी द्वारा संतोष नारायण सिंह को पदोन्नत कर उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फैज़ान, रामपुर जिला टीम की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई दी गईं। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फैज़ान ने कहा कि संतोष नारायण सिंह लंबे समय से संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

# सख्त पहरे में हुई 9 केंद्रों पर नीट, 198 अभ्यार्थी रहे गैरहाजिर

## 2704 के सापेक्ष 2506 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, बायोमेट्रिक से हुई उपस्थिति

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा जनपद में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष ढंग से हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम रहे। परीक्षा 9 केंद्रों पर कुल 2704 अभ्यर्थियों की परीक्षा संपन्न होनी थी। जिनमें से 2506 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 198 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया।

प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराई गईं। केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनात रहा। जिससे परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। परीक्षा राजकीय रजा पीजी कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में हुई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में अभ्यर्थी से जानकारी लेते उपनिरीक्षक।



राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखते डीएम-एसपी।

### केंद्रों में प्रवेश करने से पहले ली गई तलाशी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा अभ्यार्थियों ने केंद्रों पर प्रवेश करने से पहले अच्छी तरह से तलाशी की ली गई। इसके बाद केंद्रों पर जाना दिया गया। परीक्षा के लिए अभ्यार्थियों को केंद्रों में प्रवेश 11 बजे से 1:30 बजे तक दिया गया। परीक्षा 2 बजे से 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की गहन जांच और उनके उपस्थिति बायोमेट्रिक से हुई। होगी। सभी गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों कैद रही। परीक्षा प्रारंभ होने के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर संचालित रहे।

### यह रहे इंतजाम

| | |
|---|---|
| परीक्षा केंद्र | 9 |
| परीक्षार्थी | 2704 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 9 |
| स्टेटिक मजिस्ट्रेट | 9 |
| केंद्र व्यवस्थापक | 9 |
| सीओ | 5 |
| निरीक्षक | 9 |

# कुरआन में कयामत तक किसी तरह का कोई बदलाव नहीं: मौलाना जैगम

- मोहल्ला लाल कबर पर चार मोहर्रम को मुनाकिद हुई मजलिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** चार मोहर्रम उल हराम अशरा ए मजालिस के सिलसिले की मजलिस जोकि खानवादा ए मरहूम मोहम्मद मुजतबा आबदी की ओर से इमाम बाड़ा मिर्ज़ा मोहम्मद जफर बेग मोहल्ला लाल कबर पर मुनकीद की जा रही है। जिसको मौलाना जैगम ने खिताब फरमाया।

उन्होंने फरमाया कि हर मुसलमान को इस बात की जानकारी है कि आसमानी किताबें चार हैं जिनका नाम तोएरेत, जुबुर, इंजील और कुरआन है। तोएरेत मूसा जो अल्लाह के नबी थे। उन पर नाज़िल हुई। जुबूर दाऊद पर नाज़िल हुई। इंजील ईसा पर और कुरआन हमारे नबी सल्लालहो अलैहि वसल्लम मोहम्मद के सीने पर नाज़िल हुई। अब जो जो नबी दुनिया से रूखसद होते गए उनकी किताबों में भी परिवर्तन होते रहे। लेकिन कुरआन में कयामत तक किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। क्यूंकि सल्लालाहो अलैहि वसल्लम ने अपने आखिरी हज पर अपने जां नशीं का अल्लाह के हुक्म से ऐलान कर दिया था। वही सिलसिला हज़रत अली से होता हुआ कर्बला इमाम ए हुसैन से इमाम मेंहदी तक मुसलमानों तक पहुंचा। और इमाम मेंहदी हुक्म ए खुदा से पर्दा ए गैब में चले गए। जब तक आप का ज़हूर नहीं होगा अल्लाह अपने दीन और किताब की हिफाजत करने के लिए असबाब मुहैया करता रहेगा। जो परचमे इस्लाम को बुलंद करता रहेगा। जालिम को रुसवा करेगा। सल्लालाहो अलैहि वसल्लम ने इसी इमामत यानी 12 इमामों के बारे में फरमाया कि हमारा पहला भी मोहम्मद दूसरा भी मोहम्मद हमारा बीच का भी मोहम्मद हम सब के सब मोहम्मद हैं। उनकी शहादत की दास्तां सुनकर फर्श ए अज़ा पर बैठे हुए अजादारों की आंखें नम हो गईं। मजलिस में सोज़ ख्वानी तकी मिर्ज़ा ने की। पेश ख्वान सलीम जैदी ने अपना शेर पढ़ा।



मजलिस को खिताब फरमाते मौलाना जैगम।

# श्री राधे, हरे कृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कोसी मंदिर मार्ग रविवार को भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया। उत्सव पैलेस परिसर में बने भव्य, दिव्य और नवनिर्मित श्री राम मंदिर में जब श्री कृष्ण और राधा रानी के विशाल विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो पूरा माहौल जय श्री राधे, हरे कृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा।

श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस दिव्य समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और शंख-ध्वनि के साथ हुई। जैसे ही घड़ी की सुइयों ने मध्याह्न 12 बजाया, आचार्यों ने विधि-विधान से राधा-कृष्ण के विग्रहों में प्राण प्रतिष्ठा की। मंदिर का स्वर्णिम गर्भगृह, संगमरमरी फर्श और फूलों की सजावट श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही थी। पूरा आयोजन स्व. सुलोचना रानी गोयल की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा कराया गया। परिवार का कहना है कि माता जी का सपना था कि रामपुर में राधा-कृष्ण का ऐसा भव्य मंदिर बने जहां हर भक्त को शांति मिले। आज उनका वो सपना साकार हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए विशाल भंडारे में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लंबी कतारों में लगे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शहर विधायक आकाश सक्सेना, रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा, निर्मल कांत गोयल, मुक्ता गोयल, अभिनव गुप्ता, तान्या गुप्ता, ओपी गोयल, वीरेंद्र गर्ग, सोनी ताऊ, ईश्वर सरन अग्रवाल, राजीव गर्ग, वीरेंद्र जौली, सुमन जोली, अर्पित अग्रवाल, हरीश चंद्र ठेकेदार, भारत भूषण गुप्ता, प्रदीप सक्सेना, विनीत सक्सेना, अतुल कुमार मिश्रा, वेद प्रकाश वर्मा, सुभाष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



कोसी मंदिर स्थित श्री राम मंदिर में आहुति देते शहर विधायक। –जागरण मोर्चा

# अन्तर्जनपदीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** थाना मिलक क्षेत्र में हुए चोरी की चार वारदातों का पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता करके खुलासा किया। इस दौरान चोरों के पास से पुलिस को सोने चांदी के जेवर और नकदी रुपये भी मिले। उसके बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चले गए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मिलक पुलिस चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान 3 आरोपी रिहान उर्फ छोटु पुत्र शबाब अली निवासी ग्राम कांकर सराय थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा, मोहम्मद शानू पुत्र नबीजान निवासी ग्राम रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, सुल्तान उर्फ मुस्तफा पुत्र किफायत निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को चोरी किए माल, दो तमंचे, 3 कारतूस, 1 चाकू के साथ शानू खां की बगिया के अन्दर से गिरफ्तार किया गया। उसके बाद एसपी ने प्रेस वार्ता करके बताया कि मिलक में हुई चार चोरियों का खुलासा किया गया है। जिसमें अन्तर्जनपदीय गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार किए गए है। जिन पर विधिक कार्यवाही की गई। उसके बाद कोर्ट में पेश किया।



पुलिस की गिरफ्त में गिरोह के तीन सदस्य। –जागरण मोर्चा

## पटवाई-जौलपुर मार्ग पर वैकल्पिक व्यवस्था करें प्रशासन : शंखधार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने पटवाई जौलपुर मार्ग पर सोहना के निकट निर्माणाधीन पुल की व्यवस्थाओं को देखकर कहा है कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा आम जनता को अत्याधिक परेशान किया जा रहा है सम्पूर्ण क्षेत्र के लगभग बीस से अधिक गांवों के हजारों लोगों को निकलने में असुविधा हो रही है।

जबकि पुल को बंद हुए लगभग छे माह से अधिक का समय बीत चुका है और पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ 3 फरवरी में किया जा चुका है लेकिन अभी तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है इससे स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रहा है कि सिर्फ और सिर्फ आम जनता को परेशान किया जा रहा है। अभी एक जुलाई से बच्चों के स्कूल कॉलेज प्रारम्भ हो जाएंगे। उनको अत्याधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि लोक निर्माण विभाग शीघ्र एक वैकल्पिक मार्ग तैयार करके दें। जिससे कि पैदल, मोटर साईकिल और ई- रिक्शा का संचालन होता रहे। इस अवसर पर राजाराम दीक्षित, विशाल दुबे, मुकेश चंद्रा, विजयपाल लोधी, देवेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।



पटवाई-जौलपुर मार्ग पर आयोजित पंचायत में बोलते जिलाध्यक्ष।

## मछली पालन जमीन को लेकर फायरिंग करने मे चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मिलक।** कोतवाल क्षेत्र के वेगमावाद क्रमचा गांव निवासी गुरेंदर जीत सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि आराजी खसरा नंबर 297 व 348 स्थित ग्राम बेगमाबाद निकट क्रमचा विक्रमजीत सिंह, गुरेंदर जीत सिंह भट्टी निवासी ग्राम डेरा फतेह सिंह पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि मुख्तियार नाम से दे रखी है आराजी के कुछ हिस्से में मछली पालन कर रखा पता कुछ हिस्से में धान की खेती के लिए जोत रखा है। मेरी आरजी पर भूपेंद्र सिंह भट्टी व बलजिंदर सिंह भट्टी के द्वारा मेरी जमीन पर बुरी नजर रखते हैं। यह लोग मेरी जमीन को जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं। भूपेंद्र सिंह बलजिंदर सिंह सुबह 11 ट्रैक्टर लेकर तथा अवैध शस्त्र लेकर हमारी जमीन पर आ गए। कब्जा करने के उद्देश्य मौके पर फायरिंग करना शुरूकर दी। आरोपियों ने जान से करने के नियत से फायरिंग करना शुरू कर दी फायरिंग करने में तिजेंद्र सिंह निवासी टैमरा फार्म बिलासपुर भूपेंद्र सिंह भट्टी निवासी बेगमाबाद निकट क्रमचा बलजिंदर सिंह भट्टी करमजीत सिंह गिल निवासी ग्राम धनोरा के द्वारा फायरिंग की गई यह लोग अपना हुनर के आधार पर अपने आप को अपने साथियों के साथ बचाकर जमुना प्रसाद के घर में छिपा लिया परंतु लोगों ने जमुना प्रसाद के घर पर भी चढ़ाई कर दी। वहां भी अवैध शस्त्रों से फायरिंग की जिसके निशान मौके पर मौजूद है। लोगों के द्वारा की गई फायरिंग से पूरे गांव में भय का माहौल है। इस संबंध में गुरेंदर जीत सिंह की नामजद तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

टूर्नामेंट

दूसरे हाफ में भी संघर्ष देखने को मिला

# फव्वारा क्लब ने झील क्लब को 4-1 से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खान कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फव्वारा क्लब ने झील क्लब को 4-1 के गोल के अंतर से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ आक्रमण करते हुए गोल करने के प्रयास किये। जिसमें फव्वारा क्लब के सेंटर फॉरवर्ड मारूफ ने मैच के 5 वें मिनट में गोल किया। पहले हाफ के खेल तक फव्वारा क्लब के पास एक गोल की बढ़त थी। दूसरे हाफ में भी संघर्ष देखने को मिला। 27 वें व 35 वें मिनट में फव्वारा क्लब के खिलाड़ी आतिफ ने अपनी टीम के लिए गोल कर टीम को तीन गोल की बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। खेल के 40 वें मिनट में मारूफ ने एक गोल और किया।

अंतिम समय मे 50, वें मिनट में झील क्लब के खिलाड़ी बिलाल ने गोल किया। झील क्लब ने मिले अवसरों का लाभ नहीं उठाया और मैच में पिछड़ गया। फव्वारा क्लब ने 4-1 गोल के अंतर से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। मैच रेफरी सगीर गुड्डू, लाइनमैन अब्दुल रहमान और आसिफ अली रहे। स्कोरिंग की भूमिका कारी रिजवान ने निभाई।

कमेंट्रेटर मोहम्मद सईद सागर, जहीर जिया रहे। इस अवसर पर आयोजक रिजवान कुरेशी, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन, शोएब माई जान, मु० आसिफ, महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, वासी खान, मोइन अली, अलकमा अमान सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



जीत के बाद मौजूद विजयी टीम। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



मंदिर में योगा करते भक्त। –जागरण मोर्चा

### शक्ति दरबार में लोगों ने किया योगा

**रामपुर।** विश्व योग दिवस पर मिस्टनगंज स्थित शक्ति दरबार में पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर पहले विश्व कल्याण के लिए पूजा पाठ किया। उसके बाद हवन में भक्तों ने आहुति दी। इस बाद लोगों ने योगा किया।

### मिलक में हुई शोक सभा

**मिलक।** श्री ब्राह्मण सभा मिलक द्वारा रविवार को एक शोक सभा आयोजित कर सभा के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ संरक्षक पंडित राम अवतार गौड़ के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंडित राम अवतार गौड़ का समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना एवं संगठन के प्रति योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। शोक सभा में श्री ब्राह्मण सभा, श्री ब्राह्मण महिला मंच एवं श्री परशुराम युवा मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहभागिता की। उपस्थित प्रमुख लोगों में अध्यक्ष डॉ. विवेक शुक्ला, विकास शुक्ला, पं. ब्रजेश कुमार शर्मा, पं. नवीन कुमार शर्मा, पं. सुरेंद्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार शुक्ला, आदित्य दुबे, संजय शर्मा, सीताराम शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रोहिताश शर्मा, रामकुमार शर्मा, अनिल शर्मा, ब्रह्मदत्त शर्मा, लवलेश शर्मा, भुवनेश भार्गव, महिला मंच अध्यक्ष गीता शर्मा, मनोरमा शर्मा, मीना शर्मा, मानसी भार्गव, ऊषा शर्मा, हेमा बहुगुणा, पं. चिंतामणि बहुगुणा, विपिन शर्मा, गौरव शर्मा, मुकेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। –जागरण मोर्चा

### 28 को छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

**रामपुर।** सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें 28 जून को मेघावी छात्र-छात्राओं सम्मानित करने का निर्णय लिया। समारोह जिला सहकारी बैंक सिविल लाइंस पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि नैनीताल के अपर न्यायधीश सुधीर तोमर होंगे। विशेष अतिथि मुरादाबाद जिज्ञासा हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर के बी सिंह रहेंगे। तुरैहा मछुआ समाज अपने समाज की प्रत्येक परिवार को जागरूक करने के लिए एक स्टीकर का वितरण कराएगा। जिनको समाज के समस्त परिवार अपने मुख्य दरवाजे पर चस्पा करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को 28 जून को कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की। बैठक में राजीव कुमार, अर्जुन कुमार, विनोद कुमार, राम सिंह तुरैहा, सुभाष चंद्र, राजेश कुमार, अरविंद राज, संतोष कुमार, कमल कुमार मुन्ना, दिनेश कुमार, कृपाल सिंह, गोविंद राम, बाल किशन, रामकिशोर, बाल किशोर विक्रम सिंह रामसरन, रवि कुमार, राहुल, मोहित, आकाश, कमल कुमार, शिवकुमार, पंडित रामगोपाल, शिवा, शिवकुमार, ब्रजकिशोर, आदि लोगों ने विचार रखें।

### युवक को 108 एंबुलेंस कर्मियों ने दिया जीवनदान

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के जौलपुर रोड स्थित सिकरौल चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में काजीपुरा निवासी 19 वर्षीय रवि पुत्र समरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब रवि नरखेड़ी से वापस लौट रहे थे। सूचना मिलते ही पटवाई क्षेत्र की एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी धन सिंह तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए ईएमटी धन सिंह ने सूझबूझ दिखाई और लखनऊ के डॉक्टर से फोन पर परामर्श लेकर तुरंत बहते खून को रोका व प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद मरीज को सुरक्षित जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया। एंबुलेंस कर्मियों की इस तत्परता और उत्कृष्ट सेवा के लिए घायल के परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा का आभार व्यक्त किया है।



घायल का इलाज करते डॉक्टर।

### हजरत शाह बगदादी साहब का 241 वां उर्स 28 से शुरू

**रामपुर।** मोहर्रम 12 यानि 28 जून से फरजन्द ए गौसुल आजम हजरत शाह बगदादी साहब के सालाना उर्से मुबारक शुरू हो रहा है। जिसमें दूर-दराज से महमान आएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। सज्जादनशीन सैयद साजिद मियां ने बताया कि पहले दिन सुबह में फातेहा परचमकुशाई, असर की नमाज के बाद मौलाना मुश्ताक अहमद उस्ताद गुलशन ए बगदाद खिताब फरमाएंगे। इसके बाद कुल और दुआ कराई जाएगी। इशा की नमाज के मौलाना सैयद चांद मियां मदरसा गुलशन ए बगदाद, दूसरे दिन असर की नमाज के बाद मौलवी सैयद फैजान मियां काजी ए शरआ बयान, इशा की नमाज के बाद जश्ने दस्तार फजीलत होगी। तीसरे और आखिरी दिन असर की नमाज के बाद काजी ए शहर सैयद खुनशूद मियां तकरीर करेंगे। इसके बाद कुलशरीफ का आगाज होगा। मोहर्रम की 7 से 9 तक मोहर्रम के प्रोग्राम होंगे।

### किशोरी का अपहरण, जेवरात चोरी करने में 4 नामदर्ज

**पटवाई।** थाना पटवाई क्षेत्र के ग्राम कनौबी से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और घर से नकदी व जेवरात समेट ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम कनौबी निवासी पीड़ित खरगसैन पुत्र रामप्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 19 जून की सुबह करीब 10 बजे उनकी नाबालिग पुत्री को गांव सूरजपुर निवासी मित्रपाल पुत्र कल्लू बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि इस वारदात में मित्र पाल के साथ कल्लू पुत्र रतनलाल, सूरज पुत्र ऊदल और अरुण पुत्र मुन्शी भी पूरी तरह शामिल रहे। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी के झांसे में आई उनकी पुत्री घर में रखे 50 हजार रुपये नगद और सारे सोने-चांदी के जेवरात समेट कर ले गई है। इतना ही नहीं, पीड़ित की दो अन्य विवाहित पुत्रियां जो उस समय मायके आई हुई थीं, आरोपी युवती उनके भी सारे गहने अपने साथ समेट ले गई। पटवाई थाना पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश और युवती की बरामदगी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, जीवन दर्शन और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक: बलदेव

## योग से निरोगी जीवन का संदेश, भारत की प्राचीन धरोहर को विश्वभर में मिली नई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पनवड़िया स्थित सांस्कृतिक सद्भावना मंडप में जनपद स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, विद्यार्थियों एवं आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही तथा पूरा सद्भावना मंडप योगमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया।


सद्भावना मंडप में योगा करते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, डीएम और एसपी व अन्य।


पुरस्कार के साथ मौजूद योग प्रशिक्षक। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र कुमार मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने कोलकाता से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा एवं सुना। प्रधानमंत्री ने योग को मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार बताते हुए इसे स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सभी प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम में पुलिस जवानों, स्काउट-गाइड, एनसीसी कैडेटों, छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।मुख्य अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप योग को वैश्विक पहचान मिली है। आज विश्व के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा, जीवन दर्शन और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है।उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। योग तनाव को दूर करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का सशक्त माध्यम है।

### 'योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए'

स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भारत की प्राचीन योग, आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने में प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योग हमारी हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित योग प्रशिक्षकों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## स्काउट गाइड ने किया सद्भावना मंडप में योगा

**रामपुर**। 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरुजी के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों ने सद्भावना मंडप में योगा किया। मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी गुरु, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जमाल फात्मा, गाइड कैप्टन हीरा कली, स्काउट राम बहादुर, ऋतिक, शिवम, अब्दुल्ला अंसारी, माइकल, अनवर अली, गाइड सलोनी गौड़, अनुष्का, ज्योति सहित स्काउट गाइड उपस्थित रहे।


पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में योगा करते सचिव। -जागरण मोर्चा

## लालपुर कला में 11 बच्चों को मिला बाल योगी सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। मिशन शिक्षण संवाद के बैनर तले वर्षभर नियमित योग अभ्यास करने वाले प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला के 11 बच्चों एवं कंपोजिट विद्यालय भोलापुर के 4 बच्चों को बाल योगी की उपाधि सर्टिफिकेट के माध्यम से प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की योग शिक्षिका शबनम आरा ने बताया कि विद्यालय के बच्चे प्रतिवर्ष मिशन शिक्षण संवाद के ऑनलाइन कार्यक्रमों के माध्यम से नियमित योगाभ्यास करते हैं। योग में दक्षता प्राप्त करने पर संस्था की ओर से उन्हें बाल योगी प्रमाण-पत्र प्रदान की जाती है।प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां के बच्चों ने रजा लाइब्रेरी में आयोजित स्वर साधना प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा ने बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को भारतीय धरोहर, परंपरा और ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है। योग केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी स्वस्थ एवं सकारात्मक बनाता है। कार्यक्रम का संरक्षण योगासन खेल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर तुषार जोहरी, अरुण सक्सेना, शबनम आरा, सुनील कुमार, रेनू सिंह, शमशी, जयमाला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर योग एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


बच्चों को सम्मानित करते लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा। -जागरण मोर्चा


सम्मानित होती शिक्षिका।

## प्रिंस पार्क में हुआ योग शिविर आयोजित


पार्क में योगा करते लोग।

- विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का कराया गया अभ्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रिंस पार्क में योग शिविर का आयोजन किया।जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. पंडित नरेंद्र मिश्रा ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति एवं अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

योग के नियमित अभ्यास से शरीर, मन एवं मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इस अवसर पर समाजसेवी भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि विद्यालयों में योग की नियमित कक्षाएं संचालित की जानी चाहिए।

योग के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अच्छे संस्कार विकसित किए जा सकते हैं।इस अवसर पर मीना अग्रवाल, बीना अग्रवाल, राजीव शर्मा, संजीव यादव एडवोकेट, अमित कुमार तथा ब्रह्मकुमारी संस्थान की बहनों ने भी योग शिविर में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में गौ सेवा गोपाल सेवा समिति की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई।

## विद्यार्थियों ने किए योगासन, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**मसवासी**।क्षेत्र के शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया।कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह एवं प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता उपस्थिति रही। योग दिवस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक दलबीर, विशाल, शेली, अंकिता, विक्रम, फरीद सहित अन्य स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। चेयरमैन संसार सिंह और प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।



## डीआईओएस कार्यालय, पालिका में हुआ योगा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। 12 वां अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रशिक्षक ने योगाभ्यास कराया। भस्त्रिका, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, मंडूकासन, भुजंगासन, मरकट आसन, यौगिक जॉगिंग कराई।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के प्रांगण में भी योगाभ्यास कराया गया। जहां पालिका कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि योग तनाव को दूर करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का सशक्त माध्यम है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है।


गांधी समाधि स्थित डीआईओएस कार्यालय में योगा करतीं अंजलि अग्रवाल व कर्मचारी।


नगर पालिका के प्रांगण में योगा करते ईओ, कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

आयोजन | योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया

## संस्थानों में मनाया गया योग दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शाहबाद में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। नगर के प्राचीन शिव मंदिर परिसर तथा राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।


योग दिवस पर शाहबाद थाना परिसर में योग करते पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित योग शिविर में उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। अधिकारियों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है।राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेश कुमार सिंह, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योगाभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ और नियमित अभ्यास से होने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योग करने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।योग दिवस कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और अनुशासन का माहौल देखने को मिला।


मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा मे योग करते लोग। -जागरण मोर्चा

## स्कूल में कराया योग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा मे योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तरह तरह के योग कराये गए। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने योग के लाभ की जानकारी सभी को दी। इस अवसर पर पंचायत सहायिका रीना, चंद्रवंश, पूरन, राजेंद्र, भूरी, सुनहरी, सुषमा, डॉ नफीस आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### क्षेत्रीय व्यवयास कार्यालय में कराया गया योगा

रामपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र के दिशा निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रांगण में योग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्टाफ पेंशनर्स को भी आमंत्रित किया गया। योग कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करके, दीप प्रज्ज्वलित करके, सरस्वती वंदना के साथ हुई।इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक रविन्द्र कपूर ने भस्त्रिका, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, मंडूकासन, भुजंगासन, मरकट आसन, यौगिक जॉगिंग योग करवाए। कार्यक्रम प्रात: 6 :30 बजे से 8 बजे तक निर्बाध रूप से चला। इस अवसर पर आलोक कुमार, उप प्रबंधक एवं स्टाफ पेंशनर्स आर ए गुप्ता, वीके कपूर, पीआर सिंह, अरुण टंडन, हरिओम सक्सेना, केहर सिंह, शरद चन्द्र गुप्ता, आरके गुप्ता, किशन लाल, संजय अग्रवाल, डीके सिंह, गोविंद शंकर शर्मा, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, नरेश बालासोनी, बैंक ग्राहकों सर्वश्री धर्म पाल रस्तोगी, अवधेश कुमार सिन्हा, हरि शंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।


क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में योगा करते स्टॉफ पेंशनर्स।

### जिला कारगार में बंदियों ने किया योगाभ्यास

रामपुर। 12वें अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला कारागार में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डिप्टी लीगल एंड काउन्सिल हेमंत कुमार जोशी, अखिलेश कश्यप सहायक लीगल एंड काउन्सिल उद्देश्यराज, रमेश कुमार, रजनी, लिपिक वीरबहादुर ने अधिकारियों, कर्मचारियों बंदियों को योगासन कराया। साथ ही योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, सुनील कुमार सिंह, उपजेलर रूचि, सुनील कुमार शुक्ला, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे। समापन योगा के संबंध में जागरूकता लाने का संकल्प के साथ किया गया।


जिला कारागार में योगाभ्यास करते बंदी।

### प्रत्येक दिन योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं

रामपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद संकल्प शाखा द्वारा रविवार प्रात: डॉ. गुंजन अग्रवाल के क्लिनिक परिसर, गांधी समाधि बाईपास रोड स्थित न्यू चंपाकुवारी धर्मशाला रोड पर एक योग शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। प्रात :कालीन स्वच्छ एवं शांत वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आरोग्य भारती की प्रशिक्षिका लाविका भाटिया ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. गुंजन अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग और प्रकृति दोनों मानव जीवन के अभिन्न आधार हैं। डॉ. अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल योग दिवस पर ही नहीं, बल्कि वर्ष के प्रत्येक दिन योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष तुषार अग्रवाल, डॉ. पुलकित अग्रवाल, सचिव अर्पित खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक खन्नेजा, डॉ. गुंजन अग्रवाल, माधव गुप्ता, उमेश रस्तोगी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मानस अग्रवाल, रचित अग्रवाल, वत्सल अग्रवाल, अक्षत कपूर, मोहित अग्रवाल, साजल अग्रवाल, हर्षित, डॉ. दीपांशु, दीपिका सिंघल, डॉ. मीनू अग्रवाल, सिद्धार्थ पांडेय, अमित चावला सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं परिवारजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा योगाभ्यास एवं वृक्षारोपण में सक्रिय सहभागिता निभाई।


योगा के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

### स्कूलों में बच्चों ने किया योग

रामपुर। प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व विद्यालय के शिक्षकों ने योग में प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आधारित ब्लैकबोर्ड डेकोरेशन किया।प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को योग दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्हें यह भी बताया कि इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है स्वस्थ आयु के लिए योग। साथ ही साथ सभी बच्चों को प्रत्येक दिवस आधे से 1 घंटे योग करने के बारे में भी प्रेरित किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने छात्रों को विभिन्न योग सिखाए जैसे- वज्रासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, मलासन, आदि सिखाएं। इस अवसर पर ज्योति, विक्रम कुमार, नेहा गुप्ता, निदा खान, विनीता, नीरज देवी, गुड्डी, बबली, आदि उपस्थित रहे।



स्कूल में योग करते बच्चे।

### धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

स्वार। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रुस्तम नगर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधामके साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं योगाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने उपस्थित जनों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दो दर्जन से अधिक योगासनों का अभ्यास कराया और उनके चमत्कारी लाभ बताए।योग शिविर के दौरान योगाचार्य द्वारा सूर्य नमस्कार को मंत्रोच्चार सहित संपन्न कराया गया। इसके साथ ही जोड़ों का व्यायाम, गर्दन, कान, नेत्र, ललाट, उंगलियों और कलाई का संधि योग कराया गया।पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पहले हमारे सनातनी ऋषि-महर्षि, साधु-संत जंगलों, पहाड़ों, गुफाओं और नदियों के किनारे योग साधना के माध्यम से ही दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जीते थे। योग और प्राणायाम से आयु में वृद्धि होती है।आधुनिक चिकित्सक और वैद्य भी मरीजों को योग करने की सलाह दे रहे हैं। यही कारण है कि आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व योग की ओर जागरूक हो रहा है।इस मौके पर आचार्य बृजकिशोर मौर्य, उमेश कुमार, नरोत्तम सिंह मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, प्रेमपाल सिंह, राधा शर्मा, अंजली मौर्य, पूजा टैगोर और सेविका श्रीमती कलावती का विशेष सहयोग रहा।


योग करते बच्चे एवं शिक्षक। -जागरण मोर्चा

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मझावली में उमड़ा जनसैलाब

## 1600 से अधिक लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, राज्यमंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद स्तरीय 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शशि मदन पब्लिक स्कूल मझावली पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री एवं जनपद की नोडल मंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर लगभग 1600 से अधिक लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।


योगा करती राज्यमंत्री, मंडलायुक्त, डीएम व एसपी और अन्य अधिकारी।


दीप प्रज्ज्वलित कर योगा का शुभांरभ करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोलकाता के रेड रोड से प्रसारित योग कार्यक्रम एवं उनके संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने की, जबकि मुरादाबाद मंडल के आयुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी आंजनेय कुमार सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी भी मौजूद रहे।

आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक रुपाली वागदरे एवं अमरनाथ ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। ताड़ासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, पादहस्तासन, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

मुख्य अतिथि एवं नोडल मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर इतिहास रच दिया है। योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि जीवन का प्रत्येक क्षण महत्वपूर्ण है और मनुष्य को हर समय अच्छे कार्य एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यदि जीवन में उन्नति करनी है तो बुरी संगत तथा नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहना आवश्यक है।

मुरादाबाद मंडल के आयुक्त श्री आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि योग संक्रामक एवं जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव में सहायक है। मानसिक तनाव और मानसिक बीमारियों को दूर करने में भी योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का आह्वान किया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जीवन में अनुशासन और स्वस्थ दिनचर्या के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कविता, निबंध, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुष विभाग के नोडल अधिकारी एवं जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डा. अमरीश कुमार ने बताया कि जनपद के सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को भेंट किए गए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, एसडीएम नीतू रानी, वीनस शुगर मिल के सीईओ अनुपम कुमार सिंह, डा. अभिषेक सिंह सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


बुजुर्गों सम्मान करने का संकल्प लेते हुए। -जागरण मोर्चा

### राष्ट्र सेवी संगठन ने मनाया पितृ दिवस, ग्रामीणों ने लिया बुजुर्गों के सम्मान का संकल्प

**हसनपुर।** अंतरराष्ट्रीय पिता दिवस के अवसर पर रविवार को गांव भूत खदेडी में राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में एक विशेष सम्मान समारोह और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में पिताओं के त्याग, समर्पण और परिवार के प्रति उनके योगदान को सराहना की गई।कार्यक्रम की शुरुआत गांव के वयोवृद्ध पिताओं को तिलक लगाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई। इस भावुक क्षण में कई बुजुर्गों की आंखें छलक आईं। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के मुख्य संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में संयुक्त परिवारों का टूटना और बुजुर्गों की उपेक्षा होना एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। पिता घर की उस मजबूत नींव की तरह होते हैं, जो खुद धूप में तपकर पूरे परिवार को छांव देते हैं। उनका सम्मान केवल एक दिन नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षण में होना चाहिए। गांव के प्रधान ने संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण परिवेश में आपसी प्रेम और पारिवारिक मूल्य मजबूत होते हैं।इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा, महीपाल सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, रूपचन्द्र सिंह, सुशील कुमार, हरपाल सिंह, अरविन्द कुमार, यशवीर सिंह, अमरीश, उमंग, उत्कर्ष चौहान, दीपांशु, सुलेंदर, हरकेश सिंह, राजेश कुमार, रवि, सोनू प्रधान आदि मौजूद रहे।



### टीएमयू में योग गुरू ने दिए टिप्स

मुरादाबाद। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम के संग कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से विशेष योग सत्र, मेडिकल, सीसीएसआईटी, एग्रीकल्चर, फार्मेसी कॉलेजों में भी फैकल्टीज़ से लेकर स्टुडेंट्स हुए योगमय तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से विशेष योग सत्र में लगभग दो घंटे तक योग गुरु श्रीमती ऋतु नारंग ने हेल्दी एजिंग के तमाम टिप्स देकर कैंपस को योगमय बना दिया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही, जिसके माध्यम से स्वस्थ एवम् सक्रिय जीवन के लिए योग की उपयोगिता को विस्तार से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डेंटल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज के फैकल्टीज़ और स्टुडेंट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवम् प्राणायाम का अभ्यास किया। योग गुरू नारंग ने प्रतिभागियों को योग की वैज्ञानिक महत्ता, शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक संतुलन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, उपप्राचार्या डॉ. अंकिता जैन ने श्रीमती ऋतु नारंग को योग के प्रति समर्पण के लिए स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संचालन डॉ. मधुसूदन चक्रवर्ती ने किया। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज, सीसीएसआईटी, फार्मेसी कॉलेजों में भी योगासन हुए। मेडिकल कॉलेज के प्रोग्राम में प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, प्रो. साधना सिंह, प्रो. एमपी सिंह के संग-संग मेडिकल के स्टुडेंट्स ने शिरकत की। मेडिकल कॉलेज में योग एक्सपर्ट श्री गौरव त्यागी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



### गंगा तट से लेकर गजरौला तक दिखा योग दिवस

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा भी गंगा तट पर आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भी अधिकारी-कर्मचारियों संग योग किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि दुनिया को हमारे देश ने हमेशा दिशा दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आज योग घर-घर पहुंच गया है। लोग स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं। पार्कों, खेल के मैदानों में जाकर नियमित योग करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करें। इस मौके पर कई निजी स्कूलों के छात्र-छात्रा, तिगरी के ग्रामीण, शिक्षक जयवीर सिंह, डॉ.पृथ्वी सिंह, जोगेंद्र सिंह, रेखा रानी, निहार त्यागी, संजय सिंह गौर, कुलवंत सिंह, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे। अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा मंडल के सत्यपाल सिंह पाल, विनोद गुर्जर, मन मोहन सैन, नवीन गर्ग आदि की तरफ से योग कार्यक्रम किया गया। इसमें मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने काफी देर तक योग किया। उधर नगर पालिका की तरफ से अवंतिका पार्क में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह और पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने योग किया। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं नमामि गंगे की तरफ से तिगरी में गंगा तट पर योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम धनौरा शैलेष दूबे, तहसीलदार मूसा राम थारू, बीडीओ लोकचंद आनंद, एडीओ पंचायत सतेंद्र सिंह ने योग किया। नौबहार सिंह ने योग कराए।

### सड़क हादसे में एक की मौत दो घायल

**भोट।** थाना क्षेत्र के कोयला गांव निवासी पूरन लाल (58) पुत्र रामस्वरूप शनिवार शाम करीब सात बजे अपने खेत से साइकिल द्वारा अपने घर लौट रहे थे। नैनीताल हाईवे पर कोयला गांव के कट के पास हाईवे पार करते समय सामने की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पूरन लाल के साथ ही बाइक सवार सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के फैज नगर गांव निवासी संजू व बहादुर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने पूरन लाल की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकर मुरादाबाद जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन शव को वापस जिला अस्पताल ले आये। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि हादसे में घायल पूरन लाल की उपचार के दौरान मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एचएसएस पब्लिक स्कूल में हुआ योग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अफसर प्रशासन के निर्देश पर नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एचएसएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को बड़े ही उत्साह एवं उल्लास के साथ योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही जिसके माध्यम से योग को स्वस्थ, संतुलित एवं दीर्घ जीवन का आधार बताया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित योग शिविर में व्यायाम अध्यापक द्वारा योग कराया गया। योग शिविर में विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया।प्रधानाचार्य अंकुर काशिव द्वारा बताया गया की योग जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है, योग करने से शरीर के रोग दूर होते हैं।योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मन और चित्त को एकाग्र करने का माध्यम भी है। योग भारत की प्राचीन एवं अनमोल धरोहर है, जिसे आज पूरे विश्व में अपनाया है। हम सबको योग को दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए।


एच एस एस पब्लिक स्कूल योग करते हुए। -जागरण मोर्चा

# योग दिवस पर कोतवाली पुलिस ने किया योग


कोतवाली प्रांगण में योग करते पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा समस्त कोतवाली स्टाफ के साथ योगाभ्यास योगासन किए गए। इस अवसर पर कोतवाली प्रांगण में योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में प्रतिभाग किया तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में भी अत्यंत सहायक है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से नियमित रूप से योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नगर पालिका प्रांगण में हुआ योग

**हसनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका प्रांगण में चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में योग किया गया तथा नगर वासियों को योग के प्रति जागरूक भी किया गया। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका प्रांगण में योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। योग शिविर में पालिका स्टाफ एवं नगर पालिका को योग करने के लिए योग आचार्य त्यागी सम्मिलित हुए। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा योग शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं योग आचार्य त्यागी का पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसके बाद नगर पालिका प्रांगण में योगाचार्य द्वारा एक के बाद एक योगासन कराए गए। चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि योग व्यक्ति की सबसे बड़ी दौलत है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से योग अपनाने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिविर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, उषा शर्मा, अतुल गर्ग, ज्योति गर्ग, सचिन गुप्ता, कौशल कुमार, करन सिंह, दिनेश कुमार, मनी कुमार, शारिक, मोहम्मद अरशद, कर्मेंद्र चौहान, रामबाबू, राजेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पालिका प्रांगण में योग करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

# 'योग शारीरिक स्वास्थ्य को बनाता है बेहतर'

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में के साथ विभिन्न संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व को समझा। कार्यक्रमों में प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। वक्ताओं ने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा राजकीय चिकित्सालय के मीटिंग हाल में योग शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।योग प्रशिक्षण का संचालन योग प्रशिक्षिका अंजू शर्मा एवं डा. अशोक अग्रवाल द्वारा किया गया। योग के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तृत व्याख्यान डा. नरेंद्र गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष डा. सर्वेश सक्सेना ने की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल डा. तरुण पाठक ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया।इस दौरान डा. पंकज विश्नोई, डा. हरवेंद्र सिंह, सजीव राठौर, डा. शशांक चौधरी, डा. मनोज आहूजा, डा. श्याम गोवानी, डा. राहुल गोयल, डा विश्वास अग्रवाल, डा. रजनीश, डा. विनीता सिंह, डा. वंदना सक्सेना, डा. विदुषी गुप्ता, डा. कमल किशोर, डा. सलिल दीक्षित, डा. अतुल गुप्ता, डा. अमोल कंचन, डा. रजनीश वार्ष्णेय, डा. आरपी. गुप्ता, डा. हरि प्रकाश, डा. दिग्विजय सिंह, डा. टीएस. पाल, डा. शेखर वार्ष्णेय, डा. मनोज चौधरी, डा. संतोष कुमार, डा. एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।

वहीं स्व. रमादेवी चैरिटेबल सेवा समिति द्वारा संचालित बिहारीलाल प्राकृतिक आरोग्य सदन रामबाग रोड के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य एवं अत्यंत प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस दौरान फूल प्रकाश, विनीषा वार्ष्णेय, बीके. वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा। वहीं एसएम. कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव एवं डा. नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम न है बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर को जोड़ने वाला विज्ञान है। यह बच्चों और युवाओं में पढ़ाई के प्रति एकाग्रता और धैर्य बढ़ता है।जिसमें प्रशिक्षक सुरेश कुमार व रेखा ने सूर्य नमस्कार से की गई उनके बाद अनुलोम - विलोम, प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, बालासन, चक्रासन, मंडूकासन, कागासन, वकासन, सर्वांगासन व शीर्षासन आदि का अभ्यास कराया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र द्वारा सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, हास्य योग, ध्यान मुद्रा, शवासन, सहित अनुलोम विलोम कराया गया। इस दौरान पंड़ित सुरेश चंद शर्मा, अशोक पाठक, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, राममोहन उपाध्याय, देवकीनंदन शर्मा, दुर्गेश उपाध्याय, हेंमत कुमार गुप्ता, विजय प्रकाश अग्रवाल, विवेक उपाध्याय, विनोद कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार पाठक, प्रेमशंकर शर्मा, वेदराम मौर्य, गौरव मौर्य, सुधांशु उपाध्याय, आदित्य उपाध्याय, आविष्कार शर्मा, हर्ष उपाध्याय, कृष्णा, शिवम, आयुष, अंश, आदि ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत, आचार्य राजेश कुमार शर्मा, रुचि अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, वंशिका आदि मौजूद रहे। वहीं मयूर विहार स्थित अंकुश ताइक्वांडो क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। खिलाड़ियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस दौरान सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, पदमा भार्गव, शुभा अग्रवाल जी, आईपीपी अलका मंगलम, नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, वंदना, सुनीता, रिशु, अदिति, कल्पना, सारिका, मीनाक्षी, मीनाली, निधि, तान्या, सानिया, हिना, शालिनी, ज्योति, मधु, काव्या, प्रियांशी, शिप्रा, शिल्पी, मनीषा आदि मौजूद रहे।


योगा करते जायंट्स के पदाधिकारी।


योगा करते ताइक्वांडो के खिलाड़ी।


योगा करते आराध्य वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर के पदाधिकारी।


एसएम कॉलेज में योगा करते शिक्षक।


लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर में योगा करते बच्चे।


योगा करते सीएमओ व आईएमए के पदाधिकारी।


योगा करते सर्व समाज जागरूकता अभियान के पदाधिकारी।


आरोग्य सदन में योगा करते लोग।

# 1735 परीक्षार्थियों ने दी (नीट-यूजी), 116 रहे अनुपस्थित

- भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई परीक्षा
- डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी/बहजोई।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी)-2026 जनपद में रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बहजोई स्थित हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, पेयजल व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा प्रबंध तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शासन एवं परीक्षा संचालन संस्था द्वारा जारी

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश


एसएम इंटर कालेज में अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र देखती महिला कर्मचारी।


नीट परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी लेते पुलिस कर्मी।

दिए। जनपद सम्भल में नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के लिए कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें बहजोई का हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज, नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज तथा चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी शामिल रहे।

इन चारों केंद्रों पर कुल 1851 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1735 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 116 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# युवक का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

## मृतक एसएम कालेज प्रबंध समिति परिवार का सदस्य है

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा स्थित एक होटल के कमरे में युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला। युवक की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के गोलघर निवासी 42 वर्षीय अनुभव अग्रवाल के रूप में हुई। मृतक एसएम कालेज प्रबंध समिति परिवार का सदस्य है। घटना की सूचना पर बनियाठेर पुलिस, एएसपी, सीओ मौके पर पहुंच गए और जानकारी की। मौके पर फारेंसिक टीम में पहुंच साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गोलघर निवासी अनुभव अग्रवाल चुनमुल 42 वर्ष पुत्र सोमेश अग्रवाल ने शनिवार को बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा स्थित होटल लेवन-ट्री में कमरा किराए पर लिया था। रविवार की दोपहर तक जब कमरे का गेट नहीं खुला तो होटल कर्मचारियों को संदेह हुआ। उन्होंने होटल के संचालक को जानकारी दी। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो घटना की सूचना रविवार की शाम 6 बजे पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद होटल के कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में अनुभव का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला। पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर सीओ विवेक जावला, एएसपी कुलदीप कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद मौके पर फारेंसिक टीम पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस शव लेकर सीएचसी पहुंची, जहां एक बार फिर चिकित्सक ने देखने के बाद अनुभव को मृत घोषित कर दिया। मृतक एसएम कालेज संस्थापक परिवार का सदस्य है और एसएम कालेज प्रबंध समिति के सचिव साहू सुरेश का नाती है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक के परिजनों से जानकारी करते सीओ व इनसेट में मृतक अनुभव अग्रवाल का फाइल फोटो।

> होटल लेवन-ट्री में युवक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। – विवेक जावला, सीओ

# लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी, कोतवाली में दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दर्जनों गरीब व सीधी-सादी महिलाओं को लोन दिलाने का झांसा देकर हजारों रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिलाओं ने इस संबंध में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है।रविवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ की रहने वाली माया, किरन, सुनीता, नीरज, कृष्णा सहित करीब दस महिलाओं ने पुलिस को बताया कि कुछ शातिर युवकों ने खुद को लोन एजेंट बताया था। उन्होंने जल्द लोन दिलाने का विश्वास देकर फाइल चार्ज और प्रोसेसिंग फीस के बहाने सभी महिलाओं से दो-दो हजार रुपये ऐंठ लिए।


ठगी की शिकायत दर्ज करती हुई महिलाएं।

पैसे हड़पने के बाद न तो लोन दिलाया गया और न ही रकम वापिस की गई। आरोप है कि अब आरोपी फोन बंद कर फरार हैं और संपर्क करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा हैं। पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली पुलिस से निष्पक्ष जाँच कर कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई धनराशि वापिस दिलाने की गुहार लगाई है।

# नाबालिग से एक वर्ष तक दुष्कर्म, जबरन कराया गर्भपात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के एक गाँव से बहुत ही गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ डरा-धमका कर पिछले एक वर्ष से लगातार दुष्कर्म किया जा रहा था। इस घिनौने कृत्य के कारण पीड़िता पांच माह की गर्भवती हो गई थी।

पीड़िता की माँ द्वारा बाल कल्याण समिति, अमरोहा को दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी विकास ने अपने परिजनों और सहयोगियों के साथ मिलकर 19 मई को पीड़िता का जबरन गर्भपात करवा दिया, जिससे किशोरी की हालत बिगड़ गई।

पीड़िता की माँ का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी व परिवार



उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने रहरा थाने गईं, तो पुलिस ने उन्हें डरा-धमका कर भगा दिया था। हार मानकर पीड़िता की माँ ने बाल कल्याण समिति, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए पॉक्सो एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में तत्काल दर्ज करने की माँग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विकास, विकास के परिवार के लोग एवं झोलाछाप चिकित्सक हरीश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उर्वरक दुकानों पर डीएम का छापा

- दो दुकानें सील, एफआईआर व लाइसेंस निरस्तीकरण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने शनिवार को रायशक्ति क्षेत्र स्थित ताहिर खाद भंडार एवं अनीस खाद भंडार पर औचक छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानों पर गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील करने, एफआईआर दर्ज कराने, लाइसेंस निलंबित करने तथा निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।


उर्वरक की दुकान चेक करते डीएम। –जागरण मोर्चा

जांच के दौरान पीओएस मशीन के अभिलेखों में दर्ज उर्वरक एवं अन्य सामग्री की मात्रा और दुकानों तथा गोदामों में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। कहीं अभिलेखों से अधिक तो कहीं कम मात्रा में उर्वरक मिला। इतना ही नहीं, दोनों दुकानदार दुकान और गोदाम की वास्तविक चौहद्दी का विवरण भी प्रस्तुत नहीं कर सके। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि जिन स्थानों को गोदाम के रूप में दर्शाया गया था, वहां उर्वरक का भंडारण नहीं था, बल्कि अन्य अनधिकृत स्थानों पर उर्वरक रखा गया था।

छापेमारी के दौरान अनीस खाद भंडार पर किसी भी उर्वरक कंपनी का अधिकृत प्राधिकरण पत्र (ऑथोरिटी लेटर) उपलब्ध नहीं मिला। उर्वरक नियंत्रण आदेश के अनुसार किसी भी विक्रेता के लिए संबंधित कंपनी का प्राधिकरण पत्र अनिवार्य होता है। इसके अभाव में दुकान का संचालन संदिग्ध पाया गया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के प्रावधानों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले तथा उर्वरकों की कालाबाजारी या अनियमितता में लिप्त पाए जाने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गंदगी के बीच से गुजरी महिला की अंतिम शव यात्रा, ग्रामीणों में रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में प्रशासनिक लापरवाही और विकास के दावों की पोल खुल गई है।रविवार की सुबह गांव की एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला प्रेम वती, जिन्हें रविवार की सुबह करीब 4 बजे खून की उल्टी आई थी और उनका निधन हो गया,प्रेमवती की अंतिम शव यात्रा को ग्रामीणों को घुटनो तक भरे गंदगी और जलभराव के बीच से ले जाने पर मजबूर होना पड़ा।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य रास्तों पर लंबे समय से गंदगी और कीचड़ पसरी है। इस समस्या को लेकर प्रशासन से कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।ग्रामीणों ने रोष जताते हुए उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क निर्माण और साफ-सफाई की मांग की है।इस दौरान होराम सिंह, संजीव, नीटू, अतर सिंह, रमेश, मुरारी, मुनिपाल सिंह, राकेश, महेंद्र, महाराज, कविन्द्र, निहाल सिंह, विनोद, लोकेंद्र, धर्मपाल, हरपाल, हरवीर, अशोक, सरजीत, गौतम पंडित, राकेश कुमार, बबलू, सोहित, जोगिंदर, राजू, कलवा, नेताजी, अंकित, रॉबिन, अमित और राजकुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


गंदगी के बीच गुजरती अंतिम शव यात्रा। –जागरण मोर्चा

# विधायक का फर्जी स्टीकर लगी स्कार्पियो पकड़ी

**भोट।** थाना पुलिस ने विधायक का फर्जी स्टीकर लगी एक स्कार्पियो कार का पकड़ कर सीज कर दिया है।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि शनिवार रात में कोयला टोल प्लाजा के पास विशेष चेकिंग अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।इस दौरान एक संदिग्ध काले रंग की स्कॉर्पियो कार को रोककर जांच की गई। जिस पर विधायक का स्टीकर लगा हुआ पाया गया।वाहन चालक से उक्त स्टिकर के संबंध में पूछताछ की गई।किन्तु चालक द्वारा कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी।कार के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करा पाया। जिस पर कार को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर थाना भोट परिसर में खड़ा कराया गया है।

**गुस्सा** | करीब छह बीघा सरकारी भूमि कराई गई कब्जा मुक्त, जिलाधिकारी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

# गुन्नौर के ईकौना गांव में चला अवैध कब्जा मुक्ति अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** जनपद में सरकारी भूमि, तालाबों और चकमार्गों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील गुन्नौर के ग्राम ईकौना में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए लगभग छह बीघा सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को सरकारी तालाबों, चकमार्गों तथा अन्य सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दो हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अतिक्रमण हटाने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।


सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाती जेसीबी। –जागरण मोर्चा

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र के निर्देशन में तहसीलदार रवि सोनकर के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम ईकौना में गाटा संख्या 187 (0.200 हेक्टेयर), 194 (0.287 हेक्टेयर) एवं 195 (0.076 हेक्टेयर) की श्रेणी 5-3 (ड़) ढाका भूमि का चिन्हीकरण किया। राजस्व अभिलेखों में दर्ज उक्त भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अस्थायी रूप से अवैध कब्जा कर रखा गया था। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए लगभग छह बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अभियान चलाते हुए अवैध कब्जों को हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस विकास एसडीएम विकास चंद्र, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक गवेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक जाहरी सिंह सहित लेखपाल व पुलिस बल मौजूद रहा।

## सार संक्षेप

### गंगा में डूबे युवक का शव बाहरवे दिन बरामद

**हसनपुर।** 9 जून को बुलंदशहर के गंगा घाट पर डूबे युवक का शव 12 वे दिन बाद रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव के सामने गंगा के टापू पर बरामद हुआ, सूचना पर मृतक के परिजन एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के गांव डाकेवाली डगरोली निवासी मनोज व जसपाल मंगलवार 9 जून की दोपहर अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए थे। पहले सभी युवक रहरा क्षेत्र के गंगानगर पुल पर पहुंचे थे, लेकिन वहां मना करने पर वे बुलंदशहर जिले के भगवानपुर गांव के निकट स्थित गंगा घाट पर चले गए थे और वहां नहाने लगे नहाते समय अचानक मनोज और जसपाल गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे थे। सूचना पर तहसील प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी ,गोताखोरों की मदद से गंगा के गहरे पानी में युवकों की तलाश की गई थी, लेकिन 10 जून को सूचना पर एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और युवकों की तलाश शुरू कर दी,20 वर्षीय मनोज का शव घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर गंगा में तैरता मिला था।लेकिन काफी तलाश करने के बाद भी जसपाल के शव पता नहीं चला था। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर गुर्जर के सामने गंगा के टापू पर घटना स्थल से लगभग चार किलोमीटर दूर जसपाल का शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद हुआ, सूचना पर मृतक के परिजन एवं रहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।


मृतक का फाइल फोटो।

### निरीक्षण में गैरहाजिर मिले जिला कंसलटेंट सरफराज खान की सेवा समाप्त

बहजोई। जनपद में कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर जिला पंचायती राज विभाग में कार्यरत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला कंसलटेंट सरफराज खान की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई थी। इसके अलावा जिला कंसलटेंट द्वारा बिना अनुमति कार्यालय से अनुपस्थित रहने, निर्धारित समय से पूर्व कार्यालय छोड़ने, अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन न करने तथा विभागीय योजनाओं के अनुश्रवण एवं अपने दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरतने की शिकायतें मिल रही थीं। कई बार चेतावनी और निर्देश दिए जाने के बावजूद कार्यशैली में अपेक्षित सुधार नहीं आया। गत 17 जून को जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें जिला कंसलटेंट सरफराज खान अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं और लगातार मिल रही शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला कंसलटेंट की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता और अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने तथा निर्धारित समय तक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी की इस कार्रवाई को प्रशासनिक व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड ने नगर पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी को आगामी मोहर्रम पर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जारई गेट चौराहा से नखासा तिराहा तक सड़क के हालात बद से बदतर बने हैं। यहां आए दिन ई-रिक्शा पलटने से लोग घायल हो जाते हैं और लंबा जाम लग रहा है। जिससे एफआर रोड से नखासा तिराहा तक सड़क निर्माण कराया जाए। जिससे जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी और नगर का विकास भी होगा। इसके अलावा सीकरी गेट पुलिस चौकी से आगे पानी के लीकेज होने से गड्ढे हो गए हैं। जिसको दुरुस्त कराया जाए। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में शाह आलम मंसूरी, हाफिज मतीन अशरफी, रियाज अहमद, बदरे आलम, मोहम्मद नईम, शहर काजी मरगूब अहमद, निसार अहमद, शाहनवाज हुसैन, नजर मोहम्मद, हाजी कलीम आदि मौजूद रहे।


प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग।


मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते।

### आरोग्य मेले में 2786 रोगियों का किया गया उपचार

**चन्दौसी।** जनपद में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं 9 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 258 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 33 चिकित्सकों एवं 130 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा 2786 रोगियों जिसमें पुरुष रोगी- 1351, महिला रोगी 981 एवं 454 बच्चों का निश्शुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 145 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 211, चर्म रोग के 455, दमा के 320, मधुमेह रोग के 88, नेत्र रोग से संबंधित 21, उच्च रक्तचाप के 97 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गए। बुखार के संबंध में 16 मरीजों की मलेरिया की तथा 3 रोगियों की डेंगू की जांच की गई, जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट नगेटिव रही। आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत 371 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।अंत में सभी केंद्रों पर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग भी कराया गया।

### बालिका की बीमारी से मौत, परिवार में मचा कोहराम

**चन्दौसी।** बदायूं जनपद की 7 वर्षीय बालिका को परिजन बीमारी की हालत सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जनपद बदायूं के गांव ढहगमा निवासी साजन की पुत्री आयरा 7 वर्ष अपनी मां शबा परवीन के साथ अपनी मायके बिसौली थाना क्षेत्र के नागपुर गई थी। एक सप्ताह पहले बालिका बीमार हो गई। जिसका उपचार कराया, तो वह स्वस्थ हो गई। इसके बाद शनिवार की रात बालिका की तबियत एक बार फिर खराब हो गई और उल्टी के साथ बालिका को कमजोरी आने लगी। महिला ने गांव के ही कुछ झोलाछापों से उपचार कराया। इसके बाद भी बालिका को फायदा नहीं हुआ तो बिसौली पहुंच चिकित्सक को दिखाया। देखते हालत खराब होने पर बाहर ले जाने की सलाह दी। रविवार की महिला रोडवेज से बालिका को लेकर बस स्टेंड पहुंची और रोने लगी। उधर से गुजर रहे प्रभारी निरीक्षक से महिला से जानकारी की और पुलिस के साथ बालिका व उसकी मां को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने बालिका को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# दिन निकलते ही योग अभ्यास करते दिखे लोग, जगह-जगह किया गया योगा

जागरण मोर्चा कार्यालय








**बदायूं।** जिले में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को पुलिस परेड ग्राउंड योगमय हो गया। 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और दीर्घायु जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि योग हमें फिट रखता है और जो फिट है, वही हिट है। स्वस्थ तन और शांत मन के लिए सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन योग करने और निरोग जीवन अपनाने का आह्वान किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि योग का अर्थ जोड़ना है। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर व्यक्ति को पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरी दुनिया में सम्मान पा रही है और आने वाले समय में भारत विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा। योगाभ्यास के बाद प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ पौधारोपण भी किया। योग को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ रहने वाले 87 वर्षीय बुजुर्ग को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी एवं राज्य आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल, डीएम अवनीश राय, एसएसपी अंकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



### संतोष कुमारी पाठक महाविद्यालय में आयोजित हुआ योगशाला कार्यक्रम




**दातागंज।** 21 जून रविवार को संतोष कुमारी स्मृति महाविद्यालय गूरा-बरैला, म्याऊं बदायूं में "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारी ने योगशाला कार्यक्रम के तहत योग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अंकित पाठक ने योग के महत्व बताते हुए कहा कि "योग वह प्रकाश है, कि शरीर को ऊर्जा, मन को शांति और जीवन को संतुलित करता है"। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हमारी स्मरण शक्ति अच्छी होती है। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति का अनूठा एवं प्राकृतिक चिकित्सक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह, प्रवक्ता अनिरुद्ध कुमार, आशुतोष मिश्रा, अंकित गुप्ता, कंचन सिंह, खुशबू मथुरिया, यशी पाठक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नियमित योग से स्वास्थ्य को निरोग रखा जा सकता है: डॉ शैलेश पाठक

**बदायूं।** दातागंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में परशुराम पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि आज के युग में आए दिन हम लोग नई नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं जिनसे निपटने के लिए हमको अपने स्वास्थ्य को निरोग रखना आवश्यक है। उन्होंने 17 वर्षीय छात्रा माही के योग क्रियाओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारे युवाओं को माही से सीखना चाहिए। इसके अलावा ज्यादा दवाइयों के सेवन की बजाय नियमित योग से अपने स्वास्थ्य को अच्छा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस दिवस को अलग पहचान इसीलिए दी है जिससे लोग इससे प्रेरित होकर अपनी जीवनशैली में अपनाएं।



### हरनारायण सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

**बगरैन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पंडित हरनारायण सरस्वती विद्या मंदिर में योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग आचार्य रोहित गिरि और उनके सहयोगी अंकित शंखधार ने उपस्थित सभी लोगों को योग के विभिन्न आसनों, ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग आचार्य रोहित गिरि ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है और एकाग्रता बढ़ती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।

# प्रेमिका का रिश्ता दूसरी जगह तय होने पर टावर पर चढ़ा युवक

## भाई की साली से चल रहा था प्रेम प्रसंग, पुलिस ने युवक को लिया हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज (बदायूं)।** प्रेमिका का रिश्ता दूसरी जगह तय होने से मायूस प्रेमी रविवार को दोपहर में रोडवेज के पास लगे बन्द पड़े मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाने के काफी प्रयास किये मगर युवक अपनी प्रेमिका को बुलाने की ज़िद पर अड़ा रहा, लगभग तीन घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद जब पुलिस ने उसकी प्रेमिका को थाने बुलाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर युवक टॉवर से उतरा। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ टॉवर के आसपास जमा हो गई।


टावर पर चढ़ा युवक। -जागरण मोर्चा



टावर से उतारकर युवक को थाने ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

जनपद बरेली के थाना अलीगंज निवासी दन्नै का 24 वर्षीय पुत्र नदीम रविवार की दोपहर में रोडवेज के पास लगे एक कंपनी के बन्द पड़े मोबाइल टॉवर के ऊपर चढ़ गया, युवक को टॉवर पर चढ़ते देख कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल साइड पर डाल दिया, फलस्वरूप देखते ही देखते टॉवर के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई ,बहुत से लोग तो अपनी छतों पर से ही देखकर वीडियो बनाने लगे, इसी दौरान किसी ने पुलिस को भी फोन कर दिया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाने के बाद युवक के एक रिश्तेदार से युवक का नंबर लेकर उससे मोबाइल पर समझाते हुए उसे नीचे उतारने का प्रयास किया जिस पर युवक नदीम ने बताया कि वह अपने भाई की साली से प्यार करता है। नदीम के अनुसार उसकी प्रेमिका के घर वालों ने रिश्ता कहीं और कर दिया है जबकि वह अपनी प्रेमिका से निकाह करना चाहता है, मगर प्रेमिका का भाई राजी नही है।

पुलिस ने जब युवक से टॉवर से उतरने को कहा तो युवक ने साफ कहा कि जब तक उसकी प्रेमिका को नही बुलाओगे वह नीचे नही उतरेगा। चिलचिलाती धूप में भी युवक टॉवर पर चढ़ा रहा, लगभग तीन घण्टे से भी अधिक समय तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिकार जब पुलिस ने उसकी प्रेमिका को थाने बुलाने का आश्वासन दिया तब वह टॉवर से नीचे उतरा। युवक के नीचे उतरते ही पुलिस उसे अपनी कस्टडी में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने बताया कि युवक तथा उसकी कथित प्रेमिका के परिजनों को थाने बुलाया गया है उनके आने के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई नीट यूजी पुनर्परीक्षा, 2806 अभ्यर्थी हुए शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में रविवार को नीट यूजी की पुनर्परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। 3 मई को आयोजित हुई मूल परीक्षा में धांधली और पेपर लीक विवाद के बाद इसे रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दोबारा परीक्षा कराई। जिले में बनाए गए कुल 6 परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 3,027 अभ्यर्थियों में से 2,806 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 221 ने परीक्षा छोड़ दी।

रविवार दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक चली इस परीक्षा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन सुबह से ही पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पेपर लीक की पृष्ठभूमि को देखते हुए इस बार सुरक्षा और पारदर्शिता के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए थे।

सभी छह केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ-साथ मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी, जो लगातार केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहे। परीक्षा को लेकर छात्रों में सुबह से ही भारी उत्साह देखा गया। अभ्यर्थी सुबह 10 बजे से ही अपने-अपने केंद्रों के बाहर जुटना शुरू हो गए थे। दोपहर 12 बजे परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार खोले गए, जिसके बाद अभ्यर्थियों को बेहद सख्त सुरक्षा घेरे से गुजरना पड़ा। भीतर प्रवेश देने से पहले हर एक छात्र की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही डिजिटल धांधली रोकने के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी और स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर थर्मल स्क्रीनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।

पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही केंद्र प्रभारियों ने अभ्यर्थियों को क्लासरूम में जाने की अनुमति दी। प्रशासन के कड़े रुख और त्रिस्तरीय चेकिंग व्यवस्था के कारण कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की कोई शिकायत सामने नहीं आई और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो गई।

सुबह से ही केंद्रों पर जुटी भीड़ परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह और थोड़ी घबराहट दोनों देखी गई। सुबह 10 बजे से ही केंद्रों के बाहर अभिभावकों और अभ्यर्थियों की भीड़ जमा होने लगी थी। कड़ी धूप के बावजूद छात्र समय से पहले पहुंचे ताकि प्रवेश प्रक्रिया में कोई देरी न हो।

# लाइन ब्रेकडाउन होने से घंटों गुल रही बत्ती, पानी को तरसे लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भीषण गर्मी के बीच सैदपुर और आसपास के दर्जनों गांवों में उस समय हाहाकार मच गया, जब बिसौली-दिसौलीगंज से आने वाली 33 केबी मुख्य विद्युत लाइन अचानक ब्रेकडाउन हो गई। कई घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गए। तपती धूप में बिजली कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद फाल्ट ढूंढकर लाइन को चालू किया, तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

> पेड़ की एक बड़ी टहनी टूटकर अचानक 33 केबी लाइन पर गिर गई थी, जिससे ब्रेकडाउन हुआ। कर्मचारियों को तत्काल भेजकर टहनी को हटवाया गया और सप्लाई चालू कराई गई, ताकि इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को ज्यादा परेशानी न हो।
>
> -जसवीर सिंह, अवर अभियंता

यह 33 केबी विद्युत लाइन सालों से स्थानीय उपभोक्ताओं और बिजली विभाग के स्टाफ के लिए सिरदर्द बनी हुई है। शनिवार को सप्लाई के दौरान अचानक लाइन ठप हो गई। छानबीन में पता चला कि लाइन पर एक पेड़ की भारी टहनी टूटकर गिर गई थी, जिसे हटाकर आपूर्ति बहाल की गई। लगभग 13 किलोमीटर लंबी यह जर्जर विद्युत लाइन घने पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। स्थिति यह है कि हल्की हवा चलने या मामूली बूंदाबांदी होने पर भी यह लाइन तुरंत ब्रेकडाउन में आ जाती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या से कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या आला अफसर ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों और कस्बा वासियों की मांग है कि या तो इस 13 किलोमीटर लंबी लाइन को पेड़ों के बीच से हटाया जाए या फिर इसे पूरी तरह भूमिगत कर दिया जाए। ऐसा होने पर ही क्षेत्र के लोगों को इस रोज-रोज के संकट और अघोषित कटौती से हमेशा के लिए निजात मिल सकेगी।

## रात में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों की नींद हराम

**बदायूं।** बगरैन बिजली उपकेंद्र की लचर कार्यप्रणाली के कारण ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। उपकेंद्र के सभी पांचों फीडरों से जुड़े सैकड़ों गांवों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती का तांडव जारी है। भीषण गर्मी और उमस के बीच रात-रात भर चार से पांच घंटे बिजली गायब रहने से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है, जिससे स्थानीय जनता में विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

गांव के लोगों का कहना है कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय तय नहीं है। कभी-कभी दोपहर से गायब हुई बिजली सीधे शाम को दर्शन देती है, वहीं सबसे ज्यादा बदतर स्थिति रात के समय बनती है। जब लोग दिनभर की थकान के बाद सोने की तैयारी करते हैं, तभी अघोषित कटौती शुरू हो जाती है। रात में लगातार कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग उमस भरी गर्मी में तड़पने को मजबूर हैं। इस उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों की पूरी व्यवस्था इस समय पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तय किए गए बिजली शेड्यूल का स्थानीय स्तर पर कोई पालन नहीं हो रहा है। दिन के समय भी घंटों ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे इलेक्ट्रानिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। बार-बार होने वाली इस कटौती से न सिर्फ लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि पेयजल संकट भी खड़ा होने लगा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार कर रात की कटौती बंद नहीं की गई, तो वे सड़क पर उतरकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# मेहनत हमारी गलती सिस्टम की, सजा भी हम ही भुगत रहे हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मेहनत हमने की, गलती सिस्टम ने की, लेकिन सजा हमें ही भुगतनी पड़ रही है। नीट की दूसरी बार परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते ही भावुक अभ्यर्थियों के ये शब्द वहां मौजूद सैकड़ों युवाओं का दर्द बयां कर कर रहे थे। पेपर लीक के साये में दोबारा परीक्षा देने पहुंचे छात्रों के चेहरों पर तैयारी की चमक कम और मानसिक तनाव की लकीरें ज़्यादा साफ दिखाई दे रही थीं।

परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थियों में व्यवस्था के प्रति गहरा रोष और गहरी बेबसी साफ महसूस की जा सकती थी। इस परीक्षा को लेकर इस कदर डर और चिंता का माहौल बनाया गया था कि अधिकांश छात्र मीडिया के कैमरों के सामने बात करने से भी कतराते दिखे। छात्रों के मन में यह खौफ बैठ चुका था कि अगर उन्होंने व्यवस्था के खिलाफ कुछ भी बोला और खुदा न खास्ता दोबारा पेपर लीक जैसी कोई घटना हुई, तो कहीं इसका पूरा ठीकरा उन्हीं के सिर न फोड़ दिया जाए। अभ्यर्थियों ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि एक बार पेपर लीक होने के बाद, दोबारा उसी मानसिक एकाग्रता और ऊर्जा के साथ पढ़ाई की मेज पर लौटना बेहद कड़ा और दर्दनाक था। कई परीक्षार्थियों का मानना था कि बार-बार परीक्षा के इस चक्रव्यूह ने उनके आत्मविश्वास को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है।

# राजस्थान की युवती से दरगाह परिसर में जबरदस्ती, पुलिस जांच में जुटी

**बदायूं।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़े सरकार दरगाह परिसर में राजस्थान की एक युवती के साथ जबरदस्ती और छेड़खानी का मामला सामने आया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मुस्लिम व्यक्ति युवती को दरगाह परिसर के रास्ते से जबरन ले जा रहा था। आरोपी दरगाह के अंदर स्थित एक दुकान का हवाला देकर कह रहा था कि "यह औरत पेशी में है", लेकिन इस दौरान वह युवती से छेड़खानी कर रहा था। बताया जा रहा है कि युवती मानसिक रूप से परेशान दिख रही थी और डिप्रेशन की स्थिति में होने के कारण विरोध नहीं कर पा रही थी। आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया जिसके बाद आरोपी भाग निकला। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवती राजस्थान की रहने वाली है। उसका मेडिकल कराया गया है और बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपी की पहचान के लिए दरगाह परिसर के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं।




जनसभा — पूर्व मंत्री आबिद रज़ा को सुनने के लिए उमड़ा जन सैलाब

# शेखूपुर मेरी जन्म भूमि और बदायूं मेरी कर्मभूमि : आबिद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगातार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए का प्रचार लगातार कर रहे हैं। उन्होंने अभी तक लगभग 120 गांव में जाकर पीडीए का प्रचार पूरा किया है।

इसी क्रम में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने 116 शेखूपुर् विधानसभा के ग्राम सकरी जंगल,मचलई , नैथू, खिरीया रहलू ,इसलामगंज रहीमउद्दीन नगर , बाराचिर्राह में पीडीए के प्रचार के लिए जनसभाएं की। आबिद रज़ा की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी तथा हार फूलों व ढोल नगाडो व से ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा का स्वागत किया। सभी गांव की जनता ने आबिद रज़ा से शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया और कहा जब से समाजवादी पार्टी बनी है, हमने हमेशा सपा को ,साईकिल को वोट दिया है। चार बार सपा की सरकार बन चुकी लेकिन हमारे गांव की सड़कों में अभी भी गड्ढे है। हमारे गांव में कोई विकास नही हुआ है।


पीडीए का प्रचार करते पूर्व मंत्री आबिद रजा। -जागरण मोर्चा

ग्रामवासियों ने कहा हम अपने विधायक से कहते कहते थक गए लेकिन आज तक कोई भी रोड विधायक जी नहीं बनवा सके। हम गांव वाले एक तरफा साईकिल को वोट देते हैं। लेकिन विधायक बनने के बाद हमारे गांव में विकास के बारे में कोई नहीं सोचता। ग्रामवासियों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से कहा हमने सुना भी है और देखा भी है कि आप जब बदायूं के विधायक थे तब आपने बदायूं का बहुत विकास कराया था। आप काम करने वाले व्यक्ति है, आप अपने लोगों की लड़ाई भी मजबूती से लड़ते है। हमें आप जैसा नेता ही चाहिए। हम सब ग्रामवासी का मानना है कि अगर आबिद रज़ा साहब आप शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ोगे तो शेखुपुर विधानसभा की सपा की सीट बच जाएगी वरना जो इस इलाके से चुनाव लड़ते हैं उनका आज तक राजनैतिक रिकॉर्ड है वह एक बार चुनाव जीतते है एक बार हारते है, कभी दुबारा चुनाव नहीं जीतते है। इसलिए हम सब की आबिद रज़ा साहब से मांग है कि आप ही शेखुपुर विधानसभा से चुनव लड़कर जीत सकते हो।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा शेखूपुर मेरी जन्म भूमि है और बदायूं मेरी कर्मभूमि है मैं शेखूपुर विधानसभा के ककराला कस्बा में ही पैदा हुआ हूं उन्होंने कहा हम पूरे शेखूपुर विधानसभा में में पीडीए का प्रचार करने निकले हैं। सन् 2027 में हर हाल में अखिलेश को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। रही बात आपकी टूटी सड़कों की 2027 के बाद आपके इलाके में ऐतिहासिक विकास होगा। कोई सड़क टूटी नहीं रहेगी। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ धर्मवीर जाटव, श्याम सिंह जाटव, मैकू जाटव, दलवीर यादव, बदन सिंह यादव, अमन यादव, हर्षित यादव सहित सैकड़ोंलोग मौजूद रहे।

# पैरा मिलिट्री फोर्स की सुरक्षा में केंद्रों तक पहुंचा नीट का पेपर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के छह केंद्रों पर रविवार को दोपहर दो से शाम पांच बजे तक नीट परीक्षा आयोजित की गई । परीक्षा की शुचिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए इस बार प्रश्नपत्रों की सुरक्षा का जिम्मा सेक्टर मजिस्ट्रेटों के बजाय सीआईएसएफ और सीआरपीएफ को सौंपा गया है।

पैरामिलिट्री फोर्स के जवान कड़े सुरक्षा घेरे में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया और परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को भी सुरक्षित वापस ले जाया गया है। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्रिस्तरीय सुरक्षा चक्र तैयार किया है, जिसके संचालन का जिम्मा पैरामिलिट्री फोर्स पर रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर छह पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे, जबकि थाना प्रभारी समेत अन्य उच्च अधिकारी लगातार क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखेंगे। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है। और प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ दो-दो सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास विशेष निगरानी रहेगी और इस दौरान फोटोस्टेट की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रखी जाएंगी। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले ही शहर के होटलों, धर्मशालाओं और लाज में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को कड़े सुरक्षा घेरे में सुरक्षित स्थानों पर भेजने की एक गोपनीय योजना तैयार की गई है। इसके अलावा, परीक्षार्थियों की भारी भीड़ के कारण शहर में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए यातायात के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# सम्पादकीय

## दुनागिरी, संशोधक और अग्रय के जरिये समुद्र पर भी राज करेगा भारत

कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय नौसेना को तीन ताकतवर स्वदेशी युद्धपोत दुनागिरी, संशोधक और अग्रय सौंपेंगे। यह नौसेना में सिर्फ तीन नए जहाजों के शामिल होने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की बढ़ती समुद्री ताकत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता का बड़ा प्रदर्शन भी माना जा रहा है। स्वदेशी तकनीक से बने ये तीनों युद्धपोत समुद्री युद्ध, समुद्री निगरानी और पनडुब्बियों से मुकाबले में भारतीय नौसेना को नई ताकत देने वाले साबित होंगे। इन तीनों युद्धपोतों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन्हें भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने निर्मित किया है। इन जहाजों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। इस परियोजना में दो सौ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब रक्षा आयात पर निर्भर रहने वाला देश नहीं, बल्कि अत्याधुनिक युद्धक क्षमता विकसित करने वाली शक्ति बन चुका है। हम आपको बता दें कि तीनों प्लेटफार्म अपने आप में अलग सामरिक जिम्मेदारियां निभाने वाले समुद्री हथियार हैं। दुनागिरी जहां गहरे समुद्र में आक्रामक युद्ध क्षमता का प्रतीक है, वहीं संशोधक समुद्री खुफिया और महासागरीय जानकारी जुटाने का अत्याधुनिक साधन है। दूसरी ओर अग्रय तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का शिकार करने वाला घातक हथियार है। इन तीनों को एक साथ नौसेना में शामिल करना इस बात का संकेत है कि भारत अब समुद्री सुरक्षा को केवल युद्ध तक सीमित नहीं देख रहा, बल्कि निगरानी, सूचना वर्चस्व और समुद्री प्रभुत्व की व्यापक रणनीति पर काम कर रहा है। हम आपको बता दें कि दुनागिरी परियोजना सत्रह ए के तहत निर्मित पांचवां स्टील्थ युद्धपोत है। इसकी बनावट ऐसी है कि दुश्मन के राडार इसे आसानी से पकड़ नहीं सकते। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक प्रहारक मिसाइलें और मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली तैनात है। इसका अर्थ यह है कि यह युद्धपोत समुद्र से दुश्मन के जहाजों, ठिकानों और हवाई खतरों पर एक साथ हमला करने में सक्षम है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती मौजूदगी और पाकिस्तान की नौसैनिक गतिविधियों को देखते हुए दुनागिरी का शामिल होना भारतीय नौसेना की मारक क्षमता को कई गुना बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है। रणनीतिक नजरिये से देखें तो यह युद्धपोत भारत की ब्लू वाटर क्षमता को मजबूत करेगा। ब्लू वाटर क्षमता का मतलब केवल तटों की रक्षा नहीं, बल्कि हजारों किलोमीटर दूर समुद्री क्षेत्रों में भी सैन्य प्रभाव बनाए रखना होता है। भारत लंबे समय से हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी निर्णायक मौजूदगी स्थापित करना चाहता है और दुनागिरी उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। वहीं संशोधक का महत्व अपेक्षाकृत शांत लेकिन अत्यंत गहरा है। यह विशाल सर्वेक्षण पोत समुद्र की सतह के नीचे की दुनिया का मानचित्र तैयार करेगा। इसमें स्वचालित जलयान, दूर नियंत्रित यंत्र और अत्याधुनिक सर्वेक्षण प्रणाली लगी हुई हैं। यह समुद्री गहराई, समुद्र तल की बनावट, जलधाराओं और भूभौतिकीय आंकड़ों का संग्रह करेगा। सामरिक दृष्टि से यह जानकारी युद्ध के समय बेहद महत्वपूर्ण होती है। पनडुब्बियों की आवाजाही, समुद्री सुरंगों की पहचान और नौसैनिक मार्गों की सुरक्षा इसी तरह के आंकड़ों पर निर्भर करती है। यही कारण है कि समुद्री सर्वेक्षण पोतों को आधुनिक नौसैनिक युद्ध का मौन हथियार कहा जाता है। नागरिक उपयोग में भी संशोधक समुद्री व्यापार मार्गों, बंदरगाह विकास और आपदा प्रबंधन के लिए अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही अग्रय भारतीय नौसेना की तटीय सुरक्षा रणनीति का सबसे तेज और घातक हिस्सा माना जा रहा है। यह अणार्ला श्रेणी का पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है, जिसे उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट प्रक्षेपक और उथले पानी में काम करने वाली सोनार प्रणाली लगी है। देखा जाये तो आज के दौर में पनडुब्बियां समुद्री युद्ध का सबसे खतरनाक हथियार मानी जाती हैं। चीन हिंद महासागर में लगातार अपनी पनडुब्बियों की गतिविधियां बढ़ा रहा है। पाकिस्तान भी चीनी सहयोग से अपनी पनडुब्बी क्षमता मजबूत कर रहा है। ऐसे में अग्रय जैसे युद्धपोत भारत की समुद्री सीमाओं के लिए सुरक्षा कवच साबित होंगे। खासकर बंगाल की खाड़ी और अरब सागर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में इसकी भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। देखा जाये तो इन तीनों युद्धपोतों का एक साथ नौसेना में शामिल होना केवल सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है। भारत दुनिया को यह बता रहा है कि वह अब समुद्री शक्ति संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी नीति, समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा और समुद्री निगरानी जैसे मुद्दों ने नौसैनिक ताकत को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत ने यह क्षमता विदेशी तकनीक के सहारे नहीं, बल्कि अपने दम पर विकसित की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान का वास्तविक चेहरा अब रक्षा क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। युद्धपोत निर्माण से लेकर हथियार प्रणालियों तक स्वदेशीकरण का यह विस्तार आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक रक्षा निर्यातक भी बना सकता है। बहरहाल, कोलकाता में होने वाला यह समारोह इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि यह केवल जहाजों का शामिल होना नहीं, बल्कि भारत की समुद्री महत्वाकांक्षा, सैन्य आत्मविश्वास और रणनीतिक उभार का सार्वजनिक उद्घोष है। हिंद महासागर में अब भारत केवल चौकसी नहीं करेगा, बल्कि नेतृत्व की भूमिका निभाने की तैयारी में दिखाई दे रहा है।

## विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन हो जी–7 बैठक में

फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे।

## योग : स्वस्थ मानवता, संतुलित प्रकृति और सतत भविष्य का आधार



भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा ने विश्व को सदैव जीवन जीने की दिशा दी है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का भाव केवल एक दर्शन नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण का मार्ग है। इसी परंपरा का अमूल्य उपहार है – योग। आज योग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का माध्यम बन चुका है।



राजेन्द्र शुक्ल

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता मिलना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। यह केवल एक दिवस की औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता को बेहतर भविष्य देने का वैश्विक अभियान है। प्रधानमंत्री जी ने योग को जन-जन तक पहुँचाकर उसे आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाया है। आज विश्व के करोड़ों लोग योग को स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति के लिए अपना रहे हैं।

### योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का समग्र विज्ञान

आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, असंतुलित जीवनशैली, मानसिक तनाव और बढ़ती बीमारियों जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का समग्र विज्ञान बनकर सामने आता है। योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल उपभोग का नाम नहीं है। भविष्य केवल संसाधनों के दोहन से सुरक्षित नहीं होगा। सतत विकास का अर्थ है – संसाधनों का सजग, संवेदनशील और विवेकपूर्ण उपयोग।

प्रकृति का सम्मान और शरीर का सम्मान – दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस प्रकार प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना आवश्यक है, उसी प्रकार अपने शरीर और मन के संतुलन को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। योग हमें यही संतुलन सिखाता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा दिए गए 'Lifestyle for Environment (LiFE)' के मंत्र और योग का दर्शन एक-दूसरे के पूरक हैं। LiFE हमें जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है और योग उस जीवनशैली को व्यवहार में उतारने की शक्ति देता है।

### मानवता का भविष्य उपभोग में नहीं, संयमित और सजग जीवन में निहित

आज दुनिया में संसाधनों की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, लेकिन मानवता का भविष्य केवल अधिक उपभोग में नहीं, बल्कि संयमित और सजग जीवन में निहित है। योग हमें भीतर से अनुशासित बनाता है। यह हमें सिखाता है कि सुख केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति से प्राप्त होता है। प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए 'पंच प्रण' के संकल्पों में विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और नागरिक कर्तव्य का भाव – इन सभी का आधार स्वस्थ और जागरूक नागरिक ही हो सकते हैं। योग इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होगा, तभी वह राष्ट्र निर्माण में अपनी सर्वोत्तम भूमिका निभा सकेगा।

'फिट इंडिया मूवमेंट' भी इसी सोच का विस्तार है। स्वस्थ भारत ही सक्षम भारत बन सकता है। आज स्वास्थ्य का अर्थ केवल अस्पताल और उपचार नहीं रह गया है। आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का केंद्र अब 'Preventive Healthcare' यानी रोगों की रोकथाम बन रहा है। यदि हम अपनी जीवनशैली को संतुलित रखें, नियमित योग करें, मानसिक तनाव को नियंत्रित करें और प्रकृति के अनुरूप जीवन जिएँ, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मध्यप्रदेश में सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को केवल उपचार तक सीमित नहीं रख रही है, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। योग, आयुष, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और जन-जागरूकता को हम स्वास्थ्य नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहे हैं। हमारा प्रयास है कि नागरिक लंबे जीवन के साथ स्वस्थ, सक्रिय और गरिमापूर्ण जीवन जिएँ।आज विश्व के सामने एक बड़ी चुनौती 'मानसिक स्वास्थ्य' भी है। आधुनिक जीवन में भौतिक सुविधाएँ बढ़ी हैं, लेकिन मानसिक शांति कम होती जा रही है। चारों ओर तनाव, प्रतिस्पर्धा, असुरक्षा और असंतुलन दिखाई देता है। ऐसे समय में योग हमें भीतर से जोड़ने का माध्यम बनता है। योग केवल शरीर को स्वस्थ और सशक्त बनाने का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की प्रक्रिया है।

जब व्यक्ति स्वयं के भीतर स्थिर होता है, तभी वह समाज और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनता है। योग हमें प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टि सिखाता है। यह हमें बाहरी अराजकता के बीच भी भीतर की शांति खोजने की क्षमता देता है। यही कारण है कि आज योग की आवश्यकता केवल भारत को नहीं, सम्पूर्ण विश्व को है।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में भी योग की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। बढ़ता प्रदूषण, असंतुलित खान-पान, निष्क्रिय जीवनशैली और मानसिक तनाव मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। योग शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। यह व्यक्ति को शारीरिक रूप से सक्षम, मानसिक रूप से संतुलित और भावनात्मक रूप से स्थिर बनाता है।

स्वस्थ मानव संसाधन ही किसी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। केवल आर्थिक संसाधन किसी देश को महान नहीं बनाते। यदि नागरिक स्वस्थ, जागरूक, अनुशासित और सकारात्मक होंगे, तभी राष्ट्र दीर्घकालिक विकास की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसलिए योग केवल व्यक्तिगत अभ्यास नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी माध्यम है।

आज आवश्यकता है कि हम योग को एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि उसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएँ। बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों तक, हर आयु वर्ग के लिए योग उपयोगी है। विशेष रूप से वृद्धजन स्वास्थ्य और जेरियाट्रिक केयर के संदर्भ में योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ और शांतिपूर्ण वृद्धावस्था केवल चिकित्सा से नहीं, बल्कि संतुलित जीवनशैली से संभव है। योग वरिष्ठ नागरिकों को सक्रिय, आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सकारात्मक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत ने सदैव विश्व को केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का मार्ग दिया है। योग उसी मार्ग का प्रकाश है। यह शरीर, मन, समाज और प्रकृति – सभी के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया है। यदि मानवता को स्वस्थ, शांतिपूर्ण और सतत भविष्य की ओर बढ़ना है, तो योग को जीवन का हिस्सा बनाना ही होगा।

आइए, हम सब योग को केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन दर्शन के रूप में अपनाएँ और स्वस्थ मानवता, संतुलित प्रकृति तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

**(लेखक मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)**

## 'योग : कर्मसु कौशलम् '

भारतीय ज्ञान परंपरा में योग एक अद्भुत अनुभव है और भारतीय ज्ञान का एक ऐसा वरदान है जिसने भारत को विश्व में एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया। दुनिया के अनेक देश योग के बहाने भारत के साथ जुड़े और उन्होंने भारतबोध का अनुभव किया। भारतीय संस्कृति जो वैश्विक शांति और सद्भाव की प्रचारक है, योग के द्वारा उसने एक बार फिर संपूर्ण विश्व को हमारी और नतमस्तक किया है। विश्व में फैली कोरोना जैसी भीषण महामारी में भारतीय योग और आयुर्वेद का लोहा सम्पूर्ण विश्व ने माना। योग धार्मिक कर्मकांड नहीं है बल्कि विज्ञान है जिससे मनुष्य का मन और जीवन स्वस्थ रहता है। योग एक वैज्ञानिक पद्धति है जिससे व्यक्ति के अंदर जीवंतता सदैव बनी रहती है। योग को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के बाद से सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जून 2015 में आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के तहत देशवासियों को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पहली बार विस्तार से चर्चा की और कहा कि पूरी दुनिया ने योग को अपनाया यह भारत के लिए गर्व की बात है। योग ने पूरी दुनिया को आपस में जोड़ा। वर्तमान में मनुष्य का मन बहुत ही अशांत है। चारों ओर हिंसा, आतंकवाद और अशांति का वातावरण है। ऐसी विषम और प्रतिकूल परिस्थितियों में यदि मनुष्य को शांति और सुकून चाहिए तो वह योग अभ्यास कर अपने मन पर नियंत्रण स्थापित कर सकता है और अपने अव चेतन को शांति के तल पर ले जाकर मन में हो रहे निरंतर बदलाव और टकराव को टाल सकता है। कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क निवास करता है अतः योग मन को शक्ति देता है और शांति भी।



प्रो. मनीषा शर्मा

योग विज्ञान पर आधारित एक अध्यात्मिक विषय है जो मन और शरीर के मध्य सामंजस्य पर ध्यान देता है। योग स्वस्थ जीवन यापन करने की कला और विज्ञान है। योग शब्द संस्कृत की युज धातु से बना है जिसका अर्थ जोड़ना या एकजुट होना या शामिल होना है। डी.वीं.बासावर ईश्वर ,योग इसकी उत्पत्ति इतिहास एवम विकास में लिखते है कि 'आधुनिक वैज्ञानिको के अनुसार ब्रह्मांड की हर चीज इस परिमाण नाभिकीय अभिव्यक्ति मात्र है जो भी अस्तित्व की इस एकता को महसूस कर लेता है उसे योग में स्थित कहा जाता है और उसे योगी के रूप में पुकारा जाता है। जिसने मुक्त अवस्था प्राप्त कर ली है जिससे मुक्ति निर्माण या फिर मोक्ष कहा जाता है। इस प्रकार योग का लक्ष्य आत्म अनुभूति कर सभी प्रकार के कष्टों से निजात पाना है जिससे मोक्ष की अवस्था या कैवल्य अवस्था प्राप्त होती है।'

योग को बड़े पैमाने पर सिंधु सरस्वती घाटी सभ्यता जिसका इतिहास 2100 ईसा पूर्व से है, के अमर सांस्कृतिक परिणाम के रूप में बड़े पैमाने पर माना जाता है।माना जाता है कि जब से मानव सभ्यता प्रारंभ हुई तभी से योग का अस्तित्व है। हजारों साल पहले इसकी उत्पत्ति हुई। योग विद्या में शिव को आदियोगी या पहले गुरु के रूप में माना जाता है। भारतवर्ष में भारत की सनातन संस्कृति में हजारों साल पहले ऋषि- मुनि आदि अपने ज्ञान को योग के माध्यम से बल प्रदान करते थे । माना जाता है आदियोगी ने इस ज्ञान को प्रसिद्ध सप्त ऋषियों को प्रदान किया था। सप्तर्षियों ने योग के इस ताकतवर विज्ञान को एशिया, मध्य पूर्व उत्तरी अफ्रीका ,दक्षिण अमेरिका सहित विश्व के भिन्न-भिन्न भागों में पहुंचाया। रोचक बात यह है कि आधुनिक विद्वानों ने पूरी दुनिया में प्राचीन संस्कृतियों के बीच पाए गए घनिष्ठ संबंधो को नोट किया है। तदापि भारत में ही योग ने अपनी सबसे पूर्ण अभिव्यक्ति प्राप्त की। अगस्तय नामक सप्त ऋषि जिन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप का दौरा किया, ने यौगिक तरीके से जीवन जीने के इर्द-गिर्द योग संस्कृति को जड़ा।

योग करते हुए पितरों के साथ सिंधु सरस्वती घाटी सभ्यता के अनेक जीवाश्म अवशेष और मोहरे भारत में योग की मौजूदगी का संकेत देती है। देवी मां की मूर्तियों के मोहरे लैंगिक प्रत्येक तंत्र योग का सुझाव देते हैं। भारत की लोक परंपराओं, सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक उपनिषदों की विरासत, जैन और बौद्ध परंपरा, दर्शन, महाभारत, रामायण महाकाव्य, शिव और वैष्णव की आस्तिक परंपरा और तांत्रिक परंपराओं में हम योग की उपस्थिति देख सकते हैं। वैदिक काल में हमने सूर्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया। इसी प्रभाव के कारण सूर्य नमस्कार का आविष्कार हुआ। प्राणायाम दैनिक संस्कार का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। वैदिक काल में योग सूत्रों के माध्यम से महर्षि पतंजलि ने योग से संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित और लिपिबद्ध किया। उनके बाद अनेक योगाचार्य और ऋषियों ने इसको विकसित किया। अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य देखे गए जो बताते हैं कि सूर्य नमस्कार वैदिक काल से किया जा रहा है। भगवत गीता आदि पर लिखी कई टिकाएं अस्तित्व में आईं। भगवत गीता में इसका स्पष्ट स्पष्टीकरण मिलता है जिसमें ज्ञान योग, भक्ति, योग, कर्म, योग की संकल्पना को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। 800 से 1100 ई के बीच में महान आचार्य आदि शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, माधवाचार्य के उपदेश प्रमुख थे। इसी दौरान हठ योग परंपरा के नाथ योगी जैसे मत्स्येन्द्रनाथ , गोरखनाथ ,गौरंगी नाथ, घिरांडा श्रीनिवास भट्ट आदि ने हठ योग की परंपरा को लोकप्रिय बनाया।

अगस्तय ऋषि के बहुत बाद 2000 वर्ष पूर्व हिमालय के पूर्व और पश्चिम में भी, भारत से संपूर्ण एशिया में योग विज्ञान का प्रसार हुआ। जब बौद्ध धर्म जापान ,तिब्बत पहुंचा तब उसके साथ योग भी वहां पहुंचा। आधुनिक चीन के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक चीनी राजनीतिक, लेखक व विद्वान हू शिह ने चीन का भारतीयकरण शीर्षक से लिखे गए एक निबंध में कहा है कि 'भारत ने सीमा के पर एक भी सैनिक भेजे बिना सांस्कृतिक रूप से चीन पर विजय प्राप्त की और 2000 वर्षों तक उस पर अपना प्रभुत्व स्थापित रखा । 'यह बात सिर्फ चीन, जापान, तिब्बत और दक्षिण पूर्व एशिया की नहीं है। विद्वानों ने समरकंद, बुखारा और आगे स्लाव जाति के क्षेत्र में भी इस योग और तंत्र के पहुंचने के चिन्ह खोज निकाले हैं।

आज योग विश्व भर में प्रचलित है, लोकप्रिय है। अमेरिका के लगभग हर शहर में एक योग केंद्र है। यही हाल यूरोप में है। मध्य एशिया में योग का प्रसार 1000 वर्ष तक निरंतर जारी रहा ।वर्तमान दौड़ में योग में रुचि आसनों के माध्यम से व्यक्तिगत कल्याण पर केंद्रित है। वैज्ञानिकों और न्यूरोसाइंसटो के लिए आत्म चेतना एक रहस्य है ।हिमालय के उस पार योग का प्रसार शिव की पूजा के रूप में हुआ। जिसके साथ बौद्ध पथ भी जुड़ा हुआ था ।हिंदू मान्यता से थोड़ा अलग जिसमें आत्मा की सर्वोच्चता स्पष्ट रूप से स्थापित है,बौद्ध पंथ मन पर जोर देता है।। मध्यकालीन इंडोनेशिया साहित्य बुद्ध को शिव और जनार्दन( विष्णु) के तुल्य कहता है ।

योगसूत्र योग का प्रमुख ग्रन्थ है। महर्षि पतंजलि ने लगभग 400 ईसा पूर्व योगसूत्र को लिखा था। योग सूत्र को योग के दर्शन और अभ्यास पर केंद्रित एक प्रमुख और आधिकारिक ग्रंथ माना जाता है। योग सूत्र योग के आठ अंगों के विषय में बताता हैं। यह आठ यंग हमें योगमय तरीके से जीवन जीना सिखाते हैं। सूत्र का अर्थ है धागा जो सूत्रों के बीच संबंधों का वर्णन करता है। यह आपस में जुड़े हुए हैं या फिर एक धागे से बंधे हुए हैं। योग सूत्र में लिखित 196 सूत्र चार अध्याय में विभाजित है। ये इन चार अध्यायों के माध्यम से ज्ञान और आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन करते हैं। यह चार अध्याय है -

1.समाधि 2.साधना 3.विभूति 4. कैवल्य

योग सूत्र की अनेक व्याख्या वर्तमान में उपलब्ध है जो बहुत गहन है और व्यावहारिक भी।

वर्तमान में योग एक लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण अभ्यास है जिससे भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण वैश्विक समुदाय स्वास्थ्य व कल्याण की प्राप्ति कर रहा है। योग जीवन की अवधारणा को सजीवता व जीवंतता से अभिव्यक्ति प्रदान करता है अतः भारतीय ज्ञान परंपरा में योग दर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है।

**(लेखिका इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जजा विवि. अमरकंटक की पूर्व अधिष्ठाता एवं पत्रकारिता जनसंचार की विभागाध्यक्ष हैं।)**

# यूपी में करीब 1 प्रतिशत बढ़े मुस्लिम मतदाता, सत्यापन की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** यूपी में करीब 1 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता बढ़े हैं। इनके सत्यापन की तैयारी चल रही है। नए बने मतदाताओं में 35% मुस्लिम मतदाता हैं। कई आयु वर्ग में आबादी के अनुपात से कहीं ज्यादा हैं। डाटा का उच्च स्तर पर विश्लेषण किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर दूसरे प्रदेशों से रिश्तों की मैचिंग हुई है।

उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मुस्लिम मतदाता 0.9 प्रतिशत बढ़ गए हैं। इतना ही नहीं, जो नए मतदाता बने हैं, उनमें 35 प्रतिशत मुस्लिम हैं। कई आयु वर्ग में आबादी के अनुपात से कहीं ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। उच्च स्तर पर चल रहे डाटा के गोपनीय विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर कई अन्य तरह की गड़बड़ियां भी सामने आई हैं।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कुल अल्पसंख्यक आबादी लगभग 20.3% है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 19.3 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय का है। इसके अलावा सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय शामिल हैं। चुनाव आयोग धार्मिक आधार पर मतदाताओं के आंकड़े जारी नहीं करता है। हालांकि, राजनीतिक



और सामाजिक अध्ययनों के अनुमानों के मुताबिक, राज्य के कुल मतदाताओं में अल्पसंख्यक मतदाताओं की हिस्सेदारी उनकी आबादी के अनुपात में लगभग 19-20 प्रतिशत के आसपास मानी जाती है।

उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बाद विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रों के लिए अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल 2026 को जारी की गई। तभी से इस सूची के आंकड़ों पर पक्ष-विपक्ष काम कर रहा है। ताकि, अपने पक्ष-विपक्ष के समीकरणों को समझ सके। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, एसआईआर से पहले यूपी में मुस्लिम मतदाता 18.6 प्रतिशत थे, जो अब बढ़कर 19.5 प्रतिशत हो गए हैं।

सत्ताधारी दल भाजपा के लिए सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि 18-21 आयु वर्ग के मतदाताओं में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी 25 प्रतिशत दर्ज की गई है। 18-40 आयु वर्ग में मुस्लिम मतदाता 22 प्रतिशत हैं। फॉर्म-6 भरकर नए मतदाता बनने में भी मुस्लिम युवाओं ने गजब का उत्साह दिखाया है।

विश्लेषण में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता भी मिले हैं, जो यूपी के अलग-अलग जिलों में रह रहे हैं और उन्होंने अपने रिश्तों (माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी) की मैचिंग दूसरे राज्यों में रह रहे एक ही व्यक्ति से कराई है। एक ही परिवार के सदस्यों के दो अलग-अलग वोटर आईडी नंबर पर एक से ज्यादा वोटर आईडी कार्ड भी पकड़ में आए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, डाटा के इस विश्लेषण के नतीजों का जल्द ही आधिकारिक रूप से सत्यापन कराया जाएगा। ताकि, मतदाता सूची को दुरुस्त किया जा सके। दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

## सार संक्षेप



दो दिवसीय भ्रमण के दौरान जन समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लोहिया हेड में जन समस्याएं सुन समाधान के दिए निर्देश

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान शनिवार को नगर लोहियाहेड खटीमा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, पुष्प सौंप कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैंप कार्यालय लोहियाहेड में पार्टी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से भेंट की और क्षेत्र के हाल-चाल जानें। इस दौरान कई लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से रूबरू कराया और लंबे समय से लंबित चल रही समस्याओं के समाधान की मांग की। जन समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री धामी ने संबंधित विभागाधिकारियों को तलब कर अभिलंब उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, रंजीत सिंह नामधारी दर्ज मंत्री, सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित पांडे, रंदीप पोखरिया, भवानी भंडारी आदि ही मौजूद रहे।

### हाईस्कूल-इंटर के मूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र ऑफलाइन वितरण को तैयार, एक हफ्ते में जिलों तक पहुंचेंगे

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के विद्यार्थियों के मूल अंकपत्र और प्रमाणपत्रों के ऑफलाइन वितरण की तैयारी पूरी कर ली है। बोर्ड के सभी पांच क्षेत्रीय कार्यालयों में ये दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके साथ ही कक्षा नौ और 11 के छात्र-छात्राओं के पंजीकरण




कार्ड भी संबंधित विद्यालयों को भेजे जा रहे हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों को सबसे पहले डिजिटल अंकपत्र उपलब्ध कराए गए थे। इसके बाद दस्तावेजों में नाम, जन्मतिथि या अन्य त्रुटियों के सुधार के लिए आवेदन का अवसर दिया गया। विद्यालयों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के बाद अब त्रुटिरहित मूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र तैयार कर क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज दिए गए हैं। बोर्ड के अनुसार आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेजों के पैकेट प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालयों तक पहुंचा दिए जाएंगे। इसके बाद इन्हें संबंधित विद्यालयों को सौंपा जाएगा, जहां से छात्र-छात्राएं अपने मूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों में प्रधानाचार्य द्वारा निर्धारित समयावधि के अनुसार मूल दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के अंकपत्र भी इसी पैकेट के साथ विद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि सभी विद्यार्थियों को एक साथ दस्तावेज मिल सकें। गौरतलब है कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में 50 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के लिए दस्तावेजों का वितरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जा रही है। बोर्ड का कहना है कि सभी जिलों में समयबद्ध तरीके से अंकपत्र और प्रमाणपत्र पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# योगमय हुआ यूपी : राज्यपाल ने राजभवन मुख्यमंत्री योगी ने झांसी में किया अभ्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** ज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में योग किया। आज योग दिवस पर प्रदेश भर में मंत्रियों, नेताओं के अलावा आमजन ने भी योगाभ्यास किया। हर जिले में जगह-जगह योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।



उत्तर प्रदेश में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस साल के योग दिवस की थीम 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' है। राजभवन लॉन में सुबह 6 बजे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भाग लिया। जबकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने भारत की परंपराओं और विरासत को वैश्विक पहचान दिलाई है और हम सभी के लिए एक ऐसा विज़न पेश किया है, जिससे 140 करोड़ भारतीय दुनिया में गर्व के साथ आगे बढ़ सकें और 'विकसित भारत' के सपने को साकार कर सकें।

विश्व योग दिवस पर भाजपा प्रदेशभर में 'योग से निरोग' का संदेश देकर जन-जन को योग से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महाराजगंज में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया।

वहीं पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने हापुड़, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इसके अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर व सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्ष व सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ योग कार्यक्रमों में सहभागिता की।

बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी विश्व योग दिवस पर प्रदेशभर में योग कार्यक्रम आयोजित करके योग से निरोग का संदेश दे रही है। इसके साथ वह जन-जन को योग से जोड़ने का प्रयास कर रही है। मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक तथा व्यावसायिक वर्गों के भी योग शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।




## लू की चपेट में यूपी : लखनऊ में तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक, बांदा फिर प्रदेश में सबसे गर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां अभी सीमित बनी हुई हैं, जिसके चलते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और उष्ण लहर (लू) का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है।

राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.9 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर कमल सिंह बिष्ट को राज्यपाल ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।




शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के लिए केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट को सम्मानित करते राज्यपाल।

कमल सिंह बिष्ट ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले दस वर्षों के सतत परिश्रम, समर्पण और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने इस सम्मान को विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं संस्थान से जुड़े सभी सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी सफलता ही इस सम्मान की वास्तविक हकदार है। उन्होंने कहा कि केआईटीएम का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना भी है।

उन्होंने बताया कि संस्थान के हजारों छात्र-छात्राएं देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो खटीमा और उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है।

कमल सिंह बिष्ट ने कहा कि "खटीमा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (केआईटीएम)" का मूल उद्देश्य खटीमा की पहचान और सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इसी सोच के साथ संस्थान शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में संस्थान द्वारा एविएशन सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

# कांग्रेस 25 जून को प्रदेशभर में मनाएगी आरक्षण दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि आरक्षण दिवस मनाने के बाद अगले दिन यानी 26 जून को हर जिले में पदयात्रा एवं सम्मेलन होंगे।

कांग्रेस पिछड़ों एवं दलितों को पार्टी से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर 25 जून को आरक्षण दिवस मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, जबकि हर जिले में पदयात्रा एवं सम्मेलन होंगे। 25 जून को सुबह 10 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेशभर के दलित एवं पिछड़े वर्ग के नेता इकट्ठा होंगे। पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद,



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि आरक्षण दिवस मनाने के बाद अगले दिन यानी 26 जून को हर जिले में पदयात्रा एवं सम्मेलन होंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पेपर लीक और नौकरियों के परीक्षाओं में धांधली को लेकर भी अभियान शुरू किया जाएगा।

# कोर्ट पहुंचा राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला, सोमवार को सुनवाई, सीबीआई से जांच पर होगा निर्णय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के चढ़ावे की चोरी के आरोपों वाले मामले में दाखिल जनहित याचिका (पीआईएल) पर सोमवार (22 जून) को सुनवाई संभावित है। याचिका में मामले की जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने और चढ़ावे का ऑडिट नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से कराने की मांग की गई है।

सोमवार की वादसूची में न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की ग्रीष्म अवकाश कालीन खंडपीठ के समक्ष पीआईएल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता मोहित अशोक ने बताया की वह सोमवार को इस



अहम मामले की शीघ्र सुनवाई किए जाने का अनुरोध कोर्ट से करेगा। इसी 19 जून को समय की कमी के कारण अदालत इस पर सुनवाई नहीं कर सकी थी और अब इसपर 22 जून को सुनवाई हो सकती है।

याचिका में अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे में आने वाले धन के कथित गबन की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही कैग से पूरे मामले का ऑडिट कराए जाने की भी मांग की गई है।

गबन प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी शनिवार देर रात अयोध्या से लखनऊ के लिए रवाना हो गई। सूत्रों के अनुसार जांच रिपोर्ट लगभग 140 पन्नों की तैयार की गई है, जिसमें मामले से जुड़े विभिन्न तथ्यों और साक्ष्यों का विस्तृत उल्लेख किया गया है। हालांकि एसआईटी के करीब 20 सहयोगी सदस्य अभी भी राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद हैं और जांच से जुड़ी सूचनाएं एकत्र कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव से भी एक बार फिर पूछताछ की गई। बंद कमरे में करीब तीन घंटे तक चली इस पूछताछ की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

# चंद मिनटों की देरी से बर्बाद हुई सालों की मेहनत, कई छात्रों की छूटी परीक्षा, डॉक्टर बनने का सपना टूटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** चंद मिनटों की देरी से बरबाद हुई सालों की मेहनत... कई छात्रों की छूटी परीक्षा और टूट गया डॉक्टर बनने का सपना। NEET-UG 2026 की पुनर्परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे सख्त निगरानी के बीच शुरू हुई और शाम 5:15 बजे समाप्त हो गई, लेकिन लेट पहुंचने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह दिन भारी साबित हुआ। मई में पेपर लीक विवाद के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) इस बार अपनी विश्वसनीयता साबित करने के दबाव में नजर आई। इसी कारण परीक्षा प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और नियंत्रित बनाया गया। इस बार उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, जिससे उन्हें थोड़ा राहत जरूर मिली। हालांकि, एंट्री टाइम को लेकर सख्ती बरकरार रही।



डिजिटल सुरक्षा की बात करें तो देश के 551 शहरों में बने 5,440 केंद्रों पर 1.38 लाख से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से लाइव नजर रखी गई, जिसे सीधे मंत्रालय स्तर पर मॉनिटर किया गया। साथ ही, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक रिमोट सिग्नल को रोकने के लिए रिकॉर्ड 51,311 जैमर भी लगाए गए। सख्ती का आलम यह रहा कि ठीक 1:30 बजे केंद्रों के मुख्य द्वार सील कर दिए गए। इसके बाद पहुंचे कई अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया। एंट्री का समय खत्म होने के बाद पहुंचे छात्र गेट लांघकर अंदर जाने की कोशिश करते दिखे।

# अग्रवाल महासभा द्वारा 10 दिवसीय योग शिविर का समापन एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** अग्रवाल महासभा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर का आज योग दिवस के अवसर पर विधिवत समापन हुआ। 10 दिवसीय योग शिविर का नगर के विभिन्न आयु वर्ग की महिला एवं पुरुषों तथा युवाओं ने लाभ लिया शिविर में अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

योग प्रशिक्षक डॉक्टर धीरज बिनवाल एवं कमला बिनवाल ओम योग स्टूडियो द्वारा दिया गया। शिविर में डॉक्टर धीरज बिनवाल ने योग की विभिन्न कलाओं, योग के विभिन्न आसन से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन सूर्य नमस्कार के आसान से किया गया। शिविर के समापन अवसर पर शिविर में प्रतिभागी रहे समाज के प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमन मारवाड़ी ने किया। इस अवसर पर ललित मित्तल, शोभित अग्रवाल,




अग्रवाल महासभा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर के समापन में महिलाओं को सम्मानित किया गया। -जागरण मोर्चा

विपिन गोयल, संदीप सिंगल, सुधीर गोयल, अनिल मित्तल, प्रवीण कंछल, रचित अग्रवाल, अमन अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नीलम गोयल निकिता गोयल, सोनिया सिंगल , रीमा मित्तल , मीनाक्षी अग्रवाल, सरोज अग्रवाल आदि सम्मिलित थे।

इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर योग विद्या का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक निदेशक सुरेंद्र कौर हैप्पी एवं प्रधानाचार्य हेमचंद्र पंत ने बच्चों को मार्गदर्शन किया। योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए उन्होंने योग से शरीर ही नहीं मन, मस्तिष्क और आत्मा को स्वस्थ संतुलित रखने का एक माध्यम बताया। इस अवसर पर हरि सिंह रोहित कुमार सहित विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही। वही नगला तराई में अन्तराष्ट्रिय योग दिवस के अवसर पर आदर्श संस्कृत ग्राम नगला तराई में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समूह भवन में किया गया, जिसमें ग्रामवासियों,



10 दिवसीय योग कार्यक्रम में प्रतिभा करते अग्रवाल महासभा के लोग व क्षेत्रवासी।

विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आदर्श संस्कृत ग्राम प्रशिक्षिका ललिता भट्ट, योग प्रशिक्षक कमलेशएवं योग प्रशिक्षिका सुश्री कविता खोलिया के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया।

प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिदिन योग करने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, एकाग्रता तथा आत्मविश्वास में वृद्धि का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का समापन "योगः कर्मसु कौशलम्" के उद्घोष तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सम्पूर्ण वातावरण योगमय एवं प्रेरणादायक बना रहा।

ईधर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोकुल धाम संस्कृत योग सेवा संस्थान, खटीमा द्वारा ईश्वर देव प्रजापति के निवास हॉल-शिव कॉलोनी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक एवं आचार्य गेंदा लाल शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग मानव जीवन को निरोग, स्वस्थ और तनावमुक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस दौरान ईश्वर देव प्रजापति, सरिता शर्मा, किरन रस्तोगी, मुन्नी प्रजापति, रवीश शर्मा, उमा शंकर गुप्ता, विशन सिंह चौहान, दिव्यांश चौहान, राकेश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं निरोग समाज के संकल्प के साथ किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



पुलिस लाइन में योग करते हुए एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन पीलीभीत में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान बताया गया कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा एवं एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# जनपद भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। जनपद के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए तथा योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।



वहीं ब्रह्मचारी घाट स्थित हर्बल गार्डन में जिला गंगा समिति, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और योग प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। वक्ताओं ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके नियमित अभ्यास से तनाव मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य और कार्यक्षमता में वृद्धि होने की बात कही।

इसी क्रम में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षिका अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, पद्मासन तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम भी कराए गए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए इसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का प्रभावी माध्यम बताया। सभी कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## सार संक्षेप



प्रदीप कुमार शुक्ला को विकास प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए।

### प्रदीप बने ज़िले के विकास प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदीप कुमार शुक्ल को जनपद पीलीभीत के विकास प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पं. हरिनाम बाबू मिश्र द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। संगठन ने उनसे समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है। साथ ही नगर, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक इकाइयों के गठन के निर्देश भी दिए गए हैं। महासभा ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के निर्वहन पर विश्वास व्यक्त किया है।

### शीशम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडा

**पूरनपुर।** गश्त के समय वन विभाग की टीम ने शीशम की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय लाया गया। वन विभाग की ओर से ठेकेदार और पेड़ स्वामी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पूरनपुर सामाजिक वानिकी रेंज क्षेत्र में आए दिन हरे भरे पेंडो का मिलीभगत कर आरा चलाया जा रहा है। जिससे हरियाली का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। बन बिभाग भी इस पर अंकुश नही लगा पा रहा है। शुक्रवार देर रात वन दरोगा आशीष कुमार, हर्षित मिश्रा, सुरजीत कुमार, निपेन्द्र कुमार टीम के साथ गशत कर रहे थे। टीम को मुखबिर से सूचना मिली की तस्कर प्रतिबंधित प्रजाति ( शीशम) के पेड़ों को काटने के बाद लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर कलीनगर रोड से आ रहे हैं। टीम ने कलीनगर रोड पर गांव अमरैया खाता के निकट घेराबंदी कर अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। टीम ने चालक से लकड़ी संबंधित अभिलेख तलब किए। चालक टीम को लकड़ी से संबंधित कोई वैध अभिलेख नहीं दिखा सका। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय लाया गया। वन विभाग की जांच में लकडकट्टे गांव हरसिंहपुर निवासी मलकीत सिंह के खेत से चार पेंड बगैर अनुमति से काटकर लाए थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मौके पर शीशम के चार पेंड अवैध रुप से कटे पाए गए। वन विभाग की ओर से पेंड स्वामी मलकीत सिंह, ठेकेदार इकरार के विरुद्ध ग्रामीण वन संरक्षण की धाराओं में केस दर्ज किया गया। इससे खलवली मची रही।

### पुरानी रंजिश में ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

**पूरनपुर।** पुरानी रजिंश में घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी नफीस ने वताया कि कुछ लोगों से काफी समय से रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते 19 जून को लाठी डंडे व धारदार और तमंचे से लेस होकर और पीडित को मारपीट कर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार किए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिरा पडा। बचाने आए उसके भाई रहीश व उसकी मां को भी जमकर मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गए। आरोपी तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ। घायलों का उपचार कराया गया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने सिराज, एराज, मुख्तार, निसार, रियाज व शाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# माधोटांडा में संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

## पिता की मौत पर पुत्री ने जताया संदेह, शिकायत की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** माधोटांडा कस्बा निवासी एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पुत्री ने अपने पिता की मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग करुणा शंकर 58 बर्ष की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पुत्री अपूर्वा देवी की शादी दयालपुर में हुई है। मौत की सूचना पर पहुंची पुत्री का आरोप है कि उनके पिता की मौत सामान्य नहीं है और इसमें कुछ संदिग्ध परिस्थितियां हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर मामले की गहन जांच कराने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। थाना पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा जताए गए संदेह को गंभीरता से लिया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

# बिजली कटौती: ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** माधोटांडा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित विद्युत आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में माधोटांडा पावर हाउस पहुंच गए और वहां घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। तत्काल बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है।

दिन और रात में बार-बार बिजली कटने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न रहने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। किसानों ने भी आरोप लगाया कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है, प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी से नाराज होकर लोगों को पावर हाउस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रेलवे परिसर में कूड़ा डालते तीन वाहन पकड़े



**पूरनपुर।** रेलवे की जमीन पर कूड़ा डालते हुए आरपीएफ ने नगर पालिका और पूरनपुर देहात के तीन वाहन पकड़ लिए। वाहन चालकों पर रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने पर कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया। दो वाहनों को जुर्माना वसूल कर छोड़ दिया गया।

रेलवे स्टेशन पर दूसरी ओर शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे की जमीन पर तालाब है। अक्सर नगर पालिका के कई वाहन चालक और पूरनपुर देहात के वाहन चालक वहां कूड़ा फेंक देते हैं। इसके अलावा जिस स्थान पर पहले मालगोदाम बना था। उसके समीप भी कूड़ा डाला जा रहा है। रेलवे परिसर में कूड़ा डालते हुए नगर पालिका और पूरनपुर देहात ग्राम पंचायत के तीन वाहनों को आरपीएफ ने पकड़ लिया।

# जनकापुर में चल रहे विष्णु महायज्ञ में उमड़ रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विष्णु महायज्ञ में यज्ञ आचार्य ने यजमानों से विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डलवाईं। बड़ी संख्या में लोग यज्ञ की परिक्रमा करने पहुंच रहे है। झांकियां देखने के लिए लोग उमड़ रहे हैं।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जनकापुर के मंदिर पर पंच कुंडीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। गांव के मुख्य यजमान के अलावा अन्य लोगों से यज्ञ में वैदिक रीति रिवाज के साथ यज्ञाचार्य संजीव दीक्षित ने यज्ञ में आहुतियां डलवाकर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्ति में हो गया।

रविवार को गांव के अलावा आस पडोस के गांवों से बडी संख्या में लोग व महिलाएं यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए पहुंची। यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर चढ़ावा चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना की। कथा वाचक कस्तूरी चेतन्य महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा की कथा सुनने से वातावरण भक्ति में रहता है। इसलिए हर मनुष्य को कथा सुननी चाहिए।



परिक्रमा करते श्रदालु। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कथा के महत्व के बारे में भी वताया। कथा को जिसको सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। इस दौरान रात्रि में आकर्षक झांकियां भी सजाई जा रही है। जिनको देखकर श्रोता भाव विभोर हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन 21 जून को किया जाएगा। 22 जून को विशाल भंडारा होगा।

# पंप दिलाने का झांसा देकर सेना के जवान से की ठगी

**पूरनपुर।** पेट्रोल पंप को किराए पर दिलाने के नाम पर सेना के एक जवान से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली।पैट्रोल पंप ना मिलने पर जवान ने रुपये वापस मांगे तो धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खेरपुर ता.जटपुरा निवासी तौहीद खां ने वताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। उसकी मुलाकात खुटार थाना क्षेत्र के गांव नवदिया नवाजपुर निवासी गुफरान हुसैन हुई। आरोपी व अज्ञात लोगों ने युवक को किराए पर पैट्रोल पंप दिलाने की बात कही। पीडित ने पहले एक लाख पचास हजार दिए। इसके बाद तीन लाख पचास हजार रुपये सहित कुल पांच लाख रुपये आरोपियों को दिए। काफी समय वीत जाने के बाद भी उसको पैट्रोल पंप नही दिलाया। कुछ दिनों बाद जब उसने पेट्रोल पंप आवंटन की प्रगति के बारे में जानकारी लेनी चाही तो आरोपी टालमटोल करने लगे। पीडित ने जब अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने रुपये वापस करने से मना कर दिया। कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। रुपये भी चले गए और पैट्रोल पंप भी नही मिला। इस पर उसने अपने आप को ठगा महशूस किया। आरोप है कि धोखाधड़ी कर उससे पांच लाख रुपये ठग लिए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि पेट्रोल पंप आवंटन के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# टेंट और साउंड सिस्टम के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दियोरिया।** मकरंदापुर चौराहे पर स्थित एक टेंट हाउस और साउंड सिस्टम के गोदाम में शनिवार रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। रविवार सुबह छह बजे दुकान स्वामी जब गोदाम पर पहुंचा तो उसे गोदाम में आग लगने की सूचना मिल सकी। अचानक किसी समय शनिवार रात में आग लग गई और तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान स्वामी ने तत्काल डायल 112 को फोन द्वारा टेंट गोदाम में आग लगने की और गांव वालों को सूचना दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पीडित के अनुसार आग लगने से करीब एक करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है।

गांव अकोडा निवासी राजीव कुमार टेंट हाउस और साउड सिस्टम का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित मकरंदापुर चौराहे पर टेंट और साउंड सिस्टम की दुकान करते है और चौराहे से कुछ ही दूरी पर टेंट साउंड सिस्टम व अन्य सामान रखने के लिए गोदाम बना रखा है। शनिवार रात गोदाम में आग लग गई थी। दुकान स्वामी को आग लगने की सूचना रविवार सुबह छह बजे गोदाम में सामान रखने के लिए गए उसी समय चल सकी। सूचना मिलने पर कुछ ही देर में दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। आग की लपटों ने गोदाम में रखे टेंट, सजावटी सामान, फर्नीचर, जनरेटर और साउंड सिस्टम अन्य सामग्री को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग के कारण दूर-दूर तक आसमान में काला धुआं दिखाई देता रहा। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। आग लगने की सूचना पुलिस को दे दी है। जांच की जा रही है।

# धनाराघाट पर भाजपा विधायक ने बांटी लाइफ जैकेट

**पूरनपुर।** बरसात के मौसम में नदी पार करने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने रविवार को धनाराघाट पर लाइफ जैकेट वितरित कीं। इस दौरान उन्होंने नाविकों और स्थानीय लोगों को जल सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। विधायक ने कहा कि मानसून के दौरान नदियों का जलस्तर बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नाव संचालन के समय लाइफ जैकेट का प्रयोग जीवन रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने नाविकों से प्रत्येक यात्री को लाइफ जैकेट पहनाकर ही नदी पार कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान घाट पर मौजूद लोगों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि जनसुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है और नदी किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोहम्मद अफजल बने विधानसभा उपाध्यक्ष

**पूरनपुर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा.रामकरन निर्मल की संस्तुति पर ग्राम भगवंतापुर निवासी मोहम्मद अफजल को पूरनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस पर लोगो ने वधाई और शुभकामनाएं दी।




# चोरी की बाइक समेत दो आरोपी गिरफ्तार




चोरी की बाइक के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 19 जून को मूलचंद धर्मशाला के पास से चोरी हुई बाइक के मामले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर इरफान और करन सिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी खटीमा, उत्तराखंड के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

# गिरवी रखी अंगूठी लेने गई महिला से दुकानदार ने की अभद्रता

**पूरनपुर।** गिरवी रखी अंगूठी लेने गई महिला से सराफा ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर भगा दिया। महिला ने शिकायत पुलिस से की है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव धर्ममंगदपुर निवासी खुशनुमा बेगम ने बताया कि उसने पूरनपुर के एक सराफा के यहां अंगूठी गिरवी रखी थी। रविवार को वह अपनी गिरवी रखी हुई अंगूठी लेने के लिए दुकान पर पहुंची।

महिला ने बताया कि दुकान पर पहले से ही कई लोग बैठे हुए थे। महिला दुकान पर पहुंची और सराफा से गिरवी रखी हुई अंगूठी वापस देने के लिए कहा। आरोप है कि सराफा आग बबूला हो गया। अन्य साथी उसके साथ गाली-गलौज करने लगे,विरोध करने पर महिला के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। जिससे वहां पर कई लोग एकत्र हो गए। आस पडोस के अन्य दुकानदारों ने मामला शांत कराया। इसके बाद दुकानदार ने भगा दिया।

दोवारा आने पर धमकी दी। घर पहुंची महिला ने जानकारी परिवार को बताई। इसके बाद कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच में जो मामला निकाल कर आएगा उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच कर रही है।

# विवाद में महिला पर हमला, साड़ी खींचने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**थाने पहुंच कर महिला ने पुलिस को दी मामले की तहरीर**

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। महिला पर हमला कर उसकी साड़ी खींचकर अभद्रता की गई। शिकायत पुलिस से की गई है। हजारा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने वताया कि उसका कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है।

शनिवार को उसका पति काम के सिलसिले में वाहर गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान पडोसी ने गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर महिला को जमीन पर गिराकर पीटा। इसके बाद उस पर हमला कर घायल कर दिया।

आरोप है कि उसकी साडी खींच कर उसको शर्मसार कर दिया। कपड़े खींचे, जिससे वह गंभीर रूप से भयभीत हो गई। शोर मचाने पर आस पडोस के लोग मौके पर एकत्र हो गए। जिस पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। महिला ने जानकारी पति और परिवार को दी।

घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शेखूपुर में ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। ट्रेन की चपेट में आकर बीसीए में प्रवेश लेने वाली छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। छात्रा दो भाइयों की इकलौती बहन थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पड़ताल शुरू कर दी है।

हादसा सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में शेखूपुर रेलवे स्टेशन से पहले हुआ। उसावां थाना क्षेत्र के सेहा गांव निवासी मुनेशपाल की 19 वर्षीय बेटी रान्या ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद शेखूपुर स्थित आश्रम सिद्धीकी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में 20 जून को बीसीए में प्रवेश लिया था। शनिवार सुबह वह किसी काम से कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसी दौरान शेखूपुर रेलवे स्टेशन से पहले वह ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने छात्रा की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। मुनेशपाल ने बताया कि उनकी बेटी रान्या ने बदायूं के जीजीआईसी से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की थी और उसने एक दिन पहले ही आश्रम सिद्धीकी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में बीसीए में प्रवेश लिया था।

## बिजली कनेक्शन पीडी कराने के नाम पर 40 हजार रुपये हड़पने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। इज्जतनगर के कर्मचारी नगर निवासी मयंक गंगवार ने बिजली विभाग के एक पूर्व संविदाकर्मी पर बिजली कनेक्शन पीडी (स्थायी रूप से डिस्कनेक्ट) कराने के नाम पर हजारों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत क्षेत्राधिकारी तृतीय (सीओ थर्ड) से की, जिसके बाद बारादरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मयंक गंगवार का कहना है कि उनका मकान पुराना ब्लॉक गोविंदपुर हरुनगला में स्थित है। उन्होंने अपने बिजली कनेक्शन को पीडी कराने के लिए बिजली विभाग में आवेदन किया था। आरोप है कि विभाग की ओर से संविदा पर कार्यरत जोगिंदर पटेल निवासी गजराम तिवरिया, थाना हाफिजगंज को इस कार्य के लिए भेजा गया। जोगिंदर ने कनेक्शन पीडी कराने के एवज में 22 हजार रुपये ऑनलाइन और करीब 18 हजार रुपये नकद ले लिए।

पीड़ित के अनुसार रुपये लेने के बाद आरोपी ने जल्द ही कनेक्शन पीडी कराने का भरोसा दिया, लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद काम नहीं हुआ। मयंक का आरोप है कि वह पिछले छह से सात महीनों से लगातार बिजली विभाग के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

मयंक का कहना है कि जब उन्होंने विभाग में जानकारी की तो बताया गया कि जोगिंदर पटेल को विभाग से हटाया जा चुका है और अब विभाग का उससे कोई संबंध नहीं है। इसके बाद पीड़ित ने खुद को ठगा हुआ महसूस करते हुए पुलिस अधिकारियों से शिकायत की।

पीड़ित की शिकायत पर सीओ थर्ड ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद बारादरी थाना पुलिस ने आरोपी जोगिंदर पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### बरेली जंक्शन के कर्मचारी के साथ 90 हजार की साइबर ठगी, कैंट थाने में मुकदमा दर्ज

बरेली। बरेली जंक्शन रेलवे में कार्यरत एक कर्मचारी के बैंक खाते से 90 हजार रुपये की अनधिकृत निकासी कर ली गई। पीड़ित को घटना की जानकारी तब हुई जब उसने फोनपे के जरिए अपने खाते का बैलेंस चेक किया। मामले में कैंट पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंट क्षेत्र के हाथी खाना निवासी पंकज सक्सेना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मार्च 2026 की रात करीब साढ़े दस बजे उन्होंने फोनपे एप के माध्यम से अपने भारतीय स्टेट बैंक खाते का बैलेंस चेक किया। बैलेंस देखने पर उन्हें खाते में 90 हजार रुपये की कमी दिखाई दी। इसके बाद खाते का विवरण निकलवाने पर पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से रकम निकाल ली है। घटना की जानकारी मिलते ही पंकज सक्सेना ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 60,854 रुपये की राशि को होल्ड करा दिया। हालांकि अभी भी करीब 29 हजार रुपये से अधिक की रकम बरामद नहीं हो सकी है। पीड़ित का कहना है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि खाते से रुपये किसने और किस माध्यम से निकाले। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर आरोपी की पहचान करने और शेष धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत के आधार पर कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल के साथ मिलकर खाते से हुए ट्रांजेक्शन की पड़ताल कर रही है और आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### उसहैत में दर्दनाक हादसाः चारा काटकर लौट रही युवती की करंट से मौत

बदायूं। उसहैत थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर बिचौला में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें करंट लगने से एक युवती की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गीता देवी (36 वर्ष), पत्नी मंगली, शनिवार शाम करीब 6 बजे खेत से पशुओं के लिए चारा काटकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान खेत से बाहर निकलते समय ऊपर लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गईं। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें संभाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद गीता देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं। गीता देवी की शादी लगभग 15 वर्ष पहले हुई थी और वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने में अहम भूमिका निभा रही थीं। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे कई बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक तारों को जल्द ठीक कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

### आज से एक माह बंद रहेगा ओवरब्रिज

बदायूं। शहर के संतोख सिंह तिराहा से भामाशाह चौक (पुलिस लाइन) के बीच बने फ्लाईओवर पर सोमवार 22 जून से मरम्मत कार्य शुरू होगा। करीब एक माह तक चलने वाले कार्य के दौरान फ्लाईओवर पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। यातायात पुलिस ने फ्लाईओवर मरम्मत कार्य को देखते हुए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। 22 जून से शुरू होने वाले कार्य के दौरान संतोख सिंह तिराहा से भामाशाह चौक के बीच बने फ्लाईओवर पर किसी भी प्रकार के वाहन का आवागमन नहीं होगा। यातायात पुलिस के अनुसार कस्बा उसावां, ककराला व जनपद फर्रुखाबाद से आने वाले और जनपद कासगंज, मथुरा तथा एटा जाने वाले वाहन केशव चौकी से मझिया मोड़, दातागंज तिराहा, नवादा चौराहा (शहीद भगत सिंह चौराहा), पटेल चौक, आरटीओ चौराहा और मेडिकल तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

# बेटे-पति के सामने महिला की तड़प-तड़पकर मौत

### इंजन के पहिए में साड़ी फंसने से हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। शीशगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गन्ने के खेत में सिंचाई के दौरान इंजन के पहिए में साड़ी फंसने से एक महिला की मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि बेटा और पति कुछ समझ पाते, उससे पहले महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

थाना क्षेत्र के गांव सहोड़ा निवासी खिल्लो देवी पत्नी ईशुरी प्रसाद रविवार सुबह अपने बेटे जयदेव के साथ खेत में पानी लगाने गई थीं। परिवार गन्ने की फसल की सिंचाई के लिए इंजन चला रहा था। इसी दौरान जयदेव इंजन में तेल डाल रहा था और खिल्लो देवी इंजन के पास खड़ी थीं। तभी अचानक तेज हवा का झोंका आया और उनकी साड़ी का पल्लू इंजन के घूमते हुए व्हील में फंस गया।

साड़ी पहिए में फंसते ही महिला संतुलन खो बैठीं और इंजन की चपेट में आ गईं। घटना इतनी तेजी से हुई कि मौके पर मौजूद बेटा उन्हें बचाने का मौका तक नहीं पा सका। शोर सुनकर पति और आसपास मौजूद लोग दौड़े, लेकिन तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थीं। किसी तरह इंजन बंद कर उन्हें बाहर निकाला गया।

परिजन आनन-फानन में घायल महिला को शीशगढ़ के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने हालत बेहद गंभीर बताते हुए इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद परिवार उन्हें फतेहगंज पश्चिमी स्थित राजश्री मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतका के पति ईशुरी प्रसाद ने बताया कि हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ। खिल्लो देवी परिवार की जिम्मेदार महिला थीं और खेती-बाड़ी के काम में हमेशा हाथ बंटाती थीं। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतका अपने पीछे तीन बेटे और तीन बेटियां छोड़ गई हैं। सभी बच्चे विवाहित हैं, लेकिन मां के अचानक चले जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। गांव में भी दिनभर शोक और मातम का माहौल बना रहा।

### पल्लेदारी करने निकले बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

बदायूं। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला खंडसारी निवासी 50 वर्षीय युसूफ पुत्र मुबारक अली की शनिवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह रोज की तरह सुबह करीब 8 बजे घर से पल्लेदारी (मजदूरी) करने के लिए निकले थे, लेकिन परिजनों को यह अंदाजा नहीं था कि यह उनका आखिरी सफर साबित होगा। बताया जा रहा है कि काम पर जाते समय रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर पर परिवार के लोग उनके लौटने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब पुलिस द्वारा हादसे और मौत की सूचना दी गई तो पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युसूफ मेहनतकश व्यक्ति थे और अपने परिवार का भरण-पोषण पल्लेदारी करके करते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बिना ओटीपी बताए खाते से उड़ गए 67 हजार रुपये, किसान ने साइबर ठगी की शिकायत की

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के धौरेरा माफी गांव निवासी सुरेश पाल साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनके बैंक खाते से 67,481 रुपये की रकम बिना अनुमति ऑनलाइन ट्रांसफर हो गई। खाते से पैसे निकलने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित के होश उड़ गए और उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

सुरेश पाल के मुताबिक 16 जून 2026 को दोपहर करीब 12:28 बजे उनके खाते से 67,481 रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुआ। जांच करने पर पता चला कि रकम 'प्रवीण' नाम के व्यक्ति की यूपीआई आईडी पर भेजी गई है। ट्रांजेक्शन की जानकारी सामने आने के बाद उन्होंने तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन से संपर्क किया।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को भी अपना ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंकिंग संबंधी कोई गोपनीय जानकारी नहीं दी। न ही उन्होंने किसी ट्रांजेक्शन को मंजूरी दी थी। इसके बावजूद खाते से इतनी बड़ी रकम निकल जाना उनके लिए हैरानी का विषय है।

सुरेश पाल ने जब बैंक अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने और साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत देने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई।

पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रांजेक्शन से जुड़े तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है और जिस यूपीआई आईडी पर रकम भेजी गई, उसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला, सिर में गंभीर चोट

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों ने घर पहुंचकर युवक के साथ जमकर मारपीट की। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की शिकायत पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आलोक नगर कंजादासपुर रोड निवासी रुबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जून को वह ड्यूटी पर गई हुई थीं। रात करीब 11 बजे उनके पति कृष्णा यादव घर पर अकेले थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले विपिन, विनय और सूर्यप्रताप उनके घर पहुंच गए।

आरोप है कि पुरानी कहासुनी की रंजिश को लेकर तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से कृष्णा यादव पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन इसके बावजूद आरोपी उस पर हमला करते रहे।

पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने ब्लेड से भी वार किया, जिससे उसके पति को कई चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने घायल कृष्णा यादव को थाने पहुंचाया और फिर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। रुबी को घटना की जानकारी बाद में मिली। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अस्पताल पहुंचीं, जहां उनके पति का इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसों के बाद नींद से जागे अफसर, आज से विशेष अभियान

बदायूं। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जिले में 22 जून से 15 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई होगी। साथ ही सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर जरूरी यातायात व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। जिले में बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में यातायात पुलिस और एआरटीओ विशेष अभियान चलाएंगे। यह अभियान 22 जून से शुरू होकर 15 दिनों तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, फर्जी नंबर प्लेट व हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के बिना संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर वाहनों को चिन्हित कर सीज किया जाएगा।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : घनश्याम सिंह लोधी

जागरण मोर्चा कार्यालय

भोट। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने लोगों के साथ योगाभ्यास कर योग का महत्व बताया तथा लोगों से योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

रविवार को योग दिवस के अवसर पर शिव मंदिर प्रांगण में पूर्व सांसद की अध्यक्षता में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य व श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ के पीठाचार्य राधेश्याम शर्मा वासनेय ने प्राणायाम, वज्रासन, दंडासन, पवनमुक्तासन और ध्यानासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा मनुष्य के जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली और स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग स्वस्थ जीवन जीने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और कार्य करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। इसके बाद योगाचार्य व पूर्व सांसद ने मंदिर परिसर में अशोक व वट वृक्ष के पौधों का रोपण भी किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी, राजकिशोर सैनी, कांता प्रसाद लोधी, सुरेन्द्र कुमार लोधी, लालता प्रसाद लोधी, वीरेन्द्र राजपूत, हरिशंकर, राकेश, दिनेश पाल आदि मौजूद रहे। वहीं भोट थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया तथा मनुष्य के जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला।



मंदिर भोट में योगाभ्यास कराते करते पीठाचार्य राधेश्याम शर्मा वासनेय।

विरोध | पूर्व पालिकाध्यक्ष पति नसीम अहमद के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी इशिता किशोर को दिया ज्ञापन

## गृहकर और जलकर में बढ़ोतरी के विरोध में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। नगर पालिका परिषद द्वारा गृहकर और जलकर में की गई बढ़ोतरी के विरोध में गुरुवार को नगर के सैकड़ों लोगों ने पूर्व पालिकाध्यक्ष पति नसीम अहमद के नेतृत्व में तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। लोगों ने उपजिलाधिकारी इशिता किशोर को ज्ञापन सौंपकर कर वृद्धि वापस लेने और कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते पूर्व पालिका अध्यक्ष पति नसीम अहमद।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा लागू किया गया गृहकर और जलकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम से भी अधिक है, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि वर्ष 2017 की कर व्यवस्था के आधार पर पालिका प्रशासन ने अचानक नोटिस जारी कर वसूली अभियान तेज कर दिया है, जिससे नगरवासियों में दहशत का माहौल है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष पति नसीम अहमद ने आरोप लगाया कि पालिका कर्मचारी मकानों का अभिलेखों में दर्ज करने के नाम पर लोगों से 25 हजार से 40 हजार रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कई परिवारों को उनकी आर्थिक स्थिति से कहीं अधिक कर के नोटिस भेजे गए हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति पर दो लाख 59 हजार 200 रुपये वार्षिक कर निर्धारित किया गया है।

प्रदर्शन में शामिल मोहल्ला नूरीनगर की छोटी आपा और मुन्नी ने एसडीएम को बताया कि उनके परिवार मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। घर में बेटियों की शादी की जिम्मेदारी है, ऐसे में 40 हजार रुपये तक के कर नोटिस मिलने से परिवार चिंतित है। महिलाओं ने कहा कि पूर्व में कभी इतनी बड़ी कर वसूली नहीं की गई और यह फैसला आम जनता के हितों के विपरीत है। करीब 300 लोगों के साथ पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को कर नोटिसों की प्रतियां भी सौंपीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम इशिता किशोर ने जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया।

वहीं, नसीम अहमद ने बताया कि गृहकर और जलकर की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को भी ज्ञापन भेजा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लोगों को राहत नहीं मिली तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## कर्बला की जंग दहशतगर्दी और जुल्म के खिलाफ थी, यज़ीद जीतकर भी हार गया: मुफ्ती अहसन मियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। मुहर्रम की पांचवीं तारीख पर शहीद-ए-कर्बला की याद में दरगाह आला हज़रत के टीटीएस मुख्यालय में नशिस्त का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रज़ा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती में हुआ, जिसमें शहीद-ए-कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

नशिस्त की सदारत करते हुए सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन रज़ा खान कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि आज से करीब 1400 साल पहले सन 680 ईस्वी में कर्बला के मैदान में लड़ी गई जंग दहशतगर्दी और जुल्म के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि यह हक़ और बातिल की लड़ाई थी, जिसमें यज़ीद जीतकर भी हार गया, जबकि हजरत इमाम हुसैन शहादत के बाद भी विजेता बन गए। मुफ़्ती अहसन मियां ने कहा कि कर्बला का वाकया केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि कयामत तक आने वाली उम्मत के लिए सब्र, धैर्य और सच्चाई पर अडिग रहने का अज़ीम पैगाम है। कर्बला सिखाती है कि जब ईमान की हिफ़ाजत का सवाल हो तो एक मोमिन भूख, प्यास, तकलीफ, जुल्म और मौत से भी नहीं घबराता और हर हाल में हक़ पर कायम रहता है।

उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना जान के दीन की बका और सरबुलंदी के लिए अपने पूरे कुनबे और जांनिसार साथियों को राह-ए-खुदा में कुर्बान कर दिया, लेकिन बातिल के सामने सिर नहीं झुकाया। यही वजह है कि सदियां गुजर जाने के बाद भी दुनिया का हर सच्चा आशिक-ए-रसूल इमाम हुसैन को अकीदत के साथ याद करता है।

मुफ़्ती अहसन मियां ने कहा कि केवल मोहब्बत का दावा काफी नहीं है। सच्ची मोहब्बत वही है, जिसमें इंसान इमाम हुसैन की सीरत, दीन पर इस्तिकामत, सुन्नत की पैरवी और शरीयत की पाबंदी को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाए। उन्होंने आला हजरत इमाम अहमद रज़ा खान फाजिल-ए-बरेलवी की तालीमात पर मजबूती से अमल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शहीद-ए-कर्बला और बाबा फरीद गंजशकर रहमतुल्लाह अलैह की नज्र का एहतमाम किया गया। मुफ़्ती अहसन मियां ने मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और पूरी उम्मत के लिए खैर-ओ-बरकत की विशेष दुआ कराई। दरगाह आला हज़रत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुहर्रम के मौके पर आयोजित यह नशिस्त कर्बला के पैगाम को आम करने और नई पीढ़ी को हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों से रूबरू कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

इस मौके पर मौलाना जाहिद रज़ा, मौलाना बशीरुल कादरी, मौलाना शहनवाज आलम, मोहसिन हसन खान, नासिर कुरैशी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, मंजूर रज़ा, ताहिर अल्वी, साजिद नूरी, नईम नूरी, जुहैब रज़ा, हस्सान खान, सुहैल रज़ा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कंगारुओं को मैच में आत्मघाती गोल करना पड़ गया भारी

# ऑस्ट्रेलिया को रौंदकर अमेरिका नॉकआउट में, तुर्की-हैती का फर्स्ट फेज में सफर समाप्त

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप स्टेज के मुकाबलों ने रोमांच की सारी हदें पार कर दी हैं जहां ब्राजील ने हैती को 3-0 से रौंदकर और मोरक्को ने स्कॉटलैंड पर 1-0 की ऐतिहासिक जीत दर्ज कर नॉकआउट की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया है वहीं दूसरी तरफ लगातार दो हार के साथ हैती और तुर्की का वर्ल्ड कप का सफर ग्रुप स्टेज में ही खत्म हो गया है।

इसके उलट सह-मेजबान अमेरिका ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से शिकस्त दी और लगातार दो जीत के साथ टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई है। सह-मेजबान अमेरिका ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप डी के मुकाबले में अमेरिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को एकतरफा तरीके से 2-0 से हराया। सिएटल स्टेडियम में हुए मुकाबले की शुरुआत से ही अमेरिका ने आक्रामक खेल दिखाया और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के 11वें मिनट में ही अमेरिका को इसका



फायदा भी मिला। ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर कैमरन बर्गेस फोलारिन बालोगुन के शॉट का बचाव करते हुए अपना ही गोल कर बैठे, जिसके चलते अमेरिका मैच में 1-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। अमेरिका का मैच में दबदबा बरकरार रहा और पहले हाफ का अंत होने से ठीक पहले टीम ने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। मैच के 43वें मिनट में सर्जिनो डेस्ट ने शानदार शॉट लगाया, लेकिन उनका यह शॉट गोल पोस्ट में नहीं पहुंच सका।

## आज के मैच

| मैच | समय |
|---|---|
| अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रिया | 10:30 बजे पीएम |
| फ्रांस बनाम इराक | 2:30 बजे एएम |
| नॉर्वे बनाम सेनेगल | 5:30 बजे एएम |
| जॉर्डन बनाम अल्जीरिया | 8:30 बजे एएम |

### ब्राजील ने हैती को 3-0 से हराया

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप सी के मुकाबले में ब्राजील ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हैती को 3-0 से हराया। फिलाडेल्फिया स्टेडियम में ब्राजील की जीत के नायक मैथ्यूस कुन्हा रहे, जिन्होंने मैच में दो गोल दागे। इस जीत के साथ ही गोल अंतर के आधार पर ब्राजील ने ग्रुप सी में पहला स्थान हासिल कर लिया है। मैथ्यूस कुन्हा ने अपने पहले वर्ल्ड कप मैच की शुरुआत को बेहद खास बनाया। उन्होंने लगातार अच्छे मूव बनाए और टीम के आक्रमण को मजबूती दी। उनके साथ विनीसियस जूनियर और राफिन्हा का प्रदर्शन भी दमदार रहा। ब्राजील के लिए मैच का पहला गोल 23वें मिनट में आया जब हैती के गोलकीपर जॉनी प्लासाइड विनीसियस जूनियर का शॉट तो रोकने में सफल रहे लेकिन उसके बाद हेंस डेलक्रोइक्स का क्लीयरेंस शॉट कुन्हा से लगकर गोल पोस्ट में चला गया। पहले हाफ के अंत से 9 मिनट पहले कुन्हा ने ब्राजील की बढ़त को जल्द ही दोगुना कर दिया। विनीसियस जूनियर से मिले अच्छे पास का फायदा उठाते हुए कुन्हा ने बॉक्स के किनारे से जोरदार शॉट लगाते हुए गेंद को गोल पोस्ट के टॉप कॉर्नर में पहुंचा दिया। इसके बाद पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में विनीसियस जूनियर ने ब्राजील के लिए मैच का तीसरा गोल दागा। इस गोल के साथ ब्राजील ने पहले हाफ का अंत 3-0 के साथ किया।



### मोरक्को ने हासिल की जीत

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मोरक्को ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप सी के मुकाबले में स्कॉटलैंड को 1-0 से हराया। बोस्टन स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ ही मोरक्को ने ग्रुप में पहला स्थान भी हासिल कर लिया है। मोरक्को की तरफ से मुकाबले का एकमात्र गोल इस्माइल सैबारी ने मैच शुरू होने के 71 सेकंड बाद किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट का अब तक का सबसे तेज गोल भी है। सैबारी के शुरुआती गोल ने मोरक्को को बढ़त दिलाई और इसके बाद टीम ने पूरे मुकाबले में खेल की गति को अपने नियंत्रण में रखा। ब्राहिम डियाज के बेहतरीन पास पर इस्माइल सैबारी ने तेजी से आगे बढ़ते हुए शानदार शॉट लगाया।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को रौंदा, सीरीज बराबर



### मैट हेनरी ने इंग्लैंड को किया धराशायी

391 रन के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 291 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 100 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। इस दौरान तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके और इंग्लिश बल्लेबाजी क्रम को बिखेर दिया। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया तथा इंग्लैंड के सामने 463 रन का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम मात्र 209 रन पर सिमट गई।

## मैट हेनरी के 11 विकेट और निकोल्स-फिलिप्स के शतकों से कीवी टीम की 253 रन की बड़ी जीत

**लंदन**

मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 253 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। केनिंग्टन ओवल में खेले गए मुकाबले में कीवी टीम ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और इंग्लैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 391 रन बनाकर मजबूत आधार तैयार किया। टीम एक समय लड़खड़ाती नजर आ रही थी, लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने शानदार शतक जड़ते हुए पारी को संभाल लिया। फिलिप्स ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उनके अलावा हेनरी निकोल्स ने भी शतकीय योगदान देकर न्यूजीलैंड की स्थिति मजबूत की। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने अर्धशतकीय पारी खेलकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट लेकर इंग्लैंड को मैच से बाहर कर दिया। मैट हेनरी ने दोनों पारियों में कुल 11 विकेट लेकर मैच के सबसे बड़े नायक की भूमिका निभाई। उनकी सटीक लाइन-लेंथ और स्विंग के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके। 253 रन की इस शानदार जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में दमदार वापसी की है। अब तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है और तीसरा तथा अंतिम मुकाबला निर्णायक बन गया है। जो टीम अगला मैच जीतेगी, वही श्रृंखला अपने नाम करेगी। कीवी टीम की इस जीत में जहां मैट हेनरी की गेंदबाजी निर्णायक रही, वहीं ग्लेन फिलिप्स और हेनरी निकोल्स के शतकों ने जीत की मजबूत नींव रखी।

# वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी से इंडिया-ए बनी चैंपियन

**नई दिल्ली**

दांबुला में खेले गए ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल मुकाबले में इंडिया-ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका-ए को 66 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 377 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका-ए की पूरी टीम 311 रन पर सिमट गई। भारत की जीत के हीरो युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने केवल 29 गेंदों में 94 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने श्रीलंकाई गेंदबाजों पर शुरूआत से ही दबाव बना दिया। अंतिम ओवरों में अनुकूल रॉय ने भी 15 गेंदों पर 39 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। 378 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका-ए की शुरूआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने शुरूआती ओवरों में ही अविष्का फर्नांडो और निरोशन डिकवेला को आउट कर मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। यश ने शुरूआती तीन विकेट लेकर भारत को मजबूत पकड़ दिलाई। श्रीलंका की ओर से सदीरा समाराविक्रमा ने 52 रन और कप्तान सहान ने 38 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। बाद में वानूजा साहन ने 62 रन बनाकर संघर्ष जारी रखा, लेकिन बढ़ते रनरेट और लगातार गिरते विकेटों के कारण टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई। भारत की ओर से यश ठाकुर, अनुकूल रॉय, विपराज निगम, अशोक शर्मा और कप्तान तिलक वर्मा ने महत्वपूर्ण विकेट झटके। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर श्रीलंका को मैच में वापसी का मौका नहीं दिया।





# नेशंस कप : चिली को 6-0 से रौंद भारत फाइनल में

**नई दिल्ली**

एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने चिली को 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वह इतिहास रचने से बस एक कदम दूर है। भारतीय टीम 2022 में नेशंस कप का खिताब जीती थी। अगर वह रविवार (21 जून) को फाइनल जीतती है तो एक से ज्यादा बार नेंशस कप का खिताब जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी।

भारत के लिए नवनीत कौर (छठा और 13वां मिनट) और दीपिका (14वां और 18वां) ने दो-दो गोल किए जबकि नेहा (32वां) और ऋतुजा पिसाल (39वां) ने एक एक गोल दागा। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार चौथी जीत है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई कप्तान सलीमा टेटे ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत का सामना फाइनल में अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



# डायमंड लीग : चौथे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**दोहा**

नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग 2026 में शुक्रवार को चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल क्वालिफिकेशन मार्क हासिल कर लिया। श्रीलंका के रमेश तरंगा पथिरागे ने इस मुकाबले में जीत हासिल की।

नीरज चोपड़ा पीठ की चोट से उबरने के बाद कॉम्पिटिशन में लौटे। उन्होंने कतर स्पोर्ट्स क्लब में अपने सीजन की शुरुआत फाउल प्रयास के साथ की। उन्होंने दूसरे प्रयास में 82.77 मीटर, तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर और चौथे प्रयास में 83.45 मीटर भाला फेंका। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा। नीरज के तीसरे प्रयास ने उन्हें चौथा स्थान दिलाया।

श्रीलंका के रमेश तरंगा पथिरागे ने चौथे प्रयास में 88.68 मीटर भाला फेंककर जीत हासिल की। ग्रेनाडा के पीटर्स एंडरसन 86.38 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन 85.99 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



# इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट में पूरे किए 14 हजार रन

**लंदन**

इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान और स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट में अपने 14000 रन पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड का सामना ओवल के मैदान पर न्यूजीलैंड से हो रही है। टीम की पहली पारी में रूट 14 हजार रन बनाने से सिर्फ दो रनों से चूक गए थे। दूसरी पारी में अपनी 7वीं गेंद पर मैट हेनरी के खिलाफ सिंगल लेकर रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे किए। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट 14000 रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं। 9 अक्टूबर 2010 में सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट में 14 हजार रन पूरे किए थे। वह ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज थे। अब 16 साल बाद इस लिस्ट में जो रूट का नाम शामिल हो गया है। 35 साल के रूट ने 2012 में भारत के खिलाफ ही वानखेड़े स्टेडियम में टेस्ट डेब्यू किया था। 14 हजार रन पूरे होने के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने खड़े होकर रूट के लिए तालियां बजाई। टेस्ट में 14 हजार रन बनाने के लिए जो रूट ने सचिन से ज्यादा पारियां ली हैं। सचिन ने अपने 17वें टेस्ट की 279वीं पारी में 14 हजार रन पूरे किए थे।

### 500 बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**भोपाल** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम कोलार में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 500 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

### रॉयल निमाड़ ईगल्स की लगातार छठी जीत

**इंदौर** मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 में रॉयल निमाड़ ईगल्स का शानदार विजय अभियान जारी है। टीम ने होलकर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स को 4 विकेट से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की और अंक तालिका में अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी रॉयल निमाड़ ईगल्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।